दैनिक

# किस्मत भीलवाड़ा

**आवश्यकता है**

राजस्थान के भीलवाड़ा से प्रकाशित सबसे तेज समाचार पत्र दैनिक किस्मत भीलवाड़ा को तहसील और जिला स्तर पर महिला/ पुरुष संवाददाताओं की आवश्यकता है।

संपर्क करें

दैनिक किस्मत भीलवाड़ा

Email. kismatbhilwara8888@gmail.com | वर्ष 3 अंक-40 | भीलवाड़ा मंगलवार 22 जुलाई 2025 | मूल्य- 2 रूपये | REGN.NO .RAJHIN/2023/87379

# संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

## लोकसभा में 16, राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी; खड़गे बोले-पहलगाम आतंकी नहीं पकड़े गए, जवाब दें

नई दिल्ली।

संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और पीएम मोदी जवाब दें।



इधर, सत्र के पहले दिन राज्यसभा-लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### लोकसभा 4 बार स्थगित

विपक्ष ने लोकसभा में पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा किया। विपक्षी दलों की मांग थी कि सरकार का प्रमुख होने के नाते प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर जवाब दें। इसके चलते लोकसभा 4 बार स्थगित हुईं।

### स्पीकर को जस्टिस वर्मा को हटाने ज्ञापन सौंपा

जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के संबंध में स्पीकर ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा गया। लोकसभा में 145 और राज्यसभा में 63 सांसदों ने वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए।

### बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास

राज्यसभा से बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास हुआ। यह 1856 के भारतीय बिल्स ऑफ लैडिंग एक्ट की जगह लेगा। यह बिल समुद्री रास्ते से भेजे गए सामान के लिए एक पक्का डॉक्यूमेंट (बिल ऑफ लैडिंग) प्रदान करता है, जो यह साबित करता है कि सामान जहाज पर लदा हुआ है। बिल मार्च में लोकसभा से पास हुआ था।

संसद के मानसून सत्र में तय हुआ चर्चा का टाइम

## ऑपरेशन सिंदूर पर 25 घंटे, आईटी बिल पर 12 घंटे

नई दिल्ली।

संसद का मानसून सत्र सोमवार से आरंभ हो गया, लेकिन पहले दिन ही सदन के दोनों सदनों में हंगामे का माहौल रहा। विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी टकराहट के कारण लोकसभा और राज्यसभा दोनों की कार्यवाहियों को कई बार स्थगित करना पड़ा। इस राजनीतिक शोरगुल के बीच संसद में महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए समय निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अहम है ऑपरेशन सिंदूर, जिस पर कुल 25 घंटे की चर्चा होगी। इसके अलावा इनकम टैक्स बिल, पोस्ट बिल, स्पोर्ट्स बिल, मणिपुर बजट समेत कई विधेयकों पर भी समय बांटा गया है। सरकार और विपक्ष के बीच जारी खींचतान के बीच एक बात तय हो गई है कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा संसद के अगले सप्ताह होगी।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया

## त्यागपत्र में लिखा- स्वास्थ्य कारणों से डॉक्टर्स की सलाह पर पद छोड़ रहा

नई दिल्ली।

जगदीप धनखड़ ने उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों को इस्तीफे की वजह बताया है। राष्ट्रपति को पत्र में उन्होंने लिखा- स्वास्थ्य की प्राथमिकता और चिकित्सकीय सलाह का पालन करते हुए मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं। पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को भी सहयोग के लिए आभार जताया। 2022 में जगदीप धनखड़ ने 14वें उप राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त 2022 को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। धनखड़ को कुल 725 में से 528 वोट मिले थे, जबकि अल्वा को 182 वोट मिले थे।



### पढ़िए त्याग पत्र में धनखड़ ने क्या लिखा

**माननीय राष्ट्रपति जी ..**

सेहत को प्राथमिकता देने और डॉक्टर की सलाह को मानने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67 के अनुसार अपने पद से इस्तीफा देता हूं। मैं भारत के राष्ट्रपति में गहरी कृतज्ञता प्रकट करता हूं। आपका समर्थन अडिग रहा, जिनके साथ मेरा कार्यकाल शांतिपूर्ण और बेहतरीन रहा। मैं माननीय प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के प्रति भी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री का सहयोग और समर्थन अमूल्य रहा है और मैंने अपने कार्यकाल के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। माननीय सांसदों से मुझे जो स्नेह, विश्वास और अपनापन मिला है, वह मेरी स्मृति में हमेशा रहेगा। मैं इस बात के लिए आभारी हूं कि मुझे इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में जो अनुभव और ज्ञान मिला, वह अत्यंत मूल्यवान रहा।

यह मेरे लिए सौभाग्य और संतोष की बात रही है कि मैंने भारत की अभूतपूर्व आर्थिक प्रगति और इस परिवर्तनकारी युग में उसके तेज विकास को देखा और उसमें भागीदारी की। हमारे राष्ट्र के इतिहास के इस महत्वपूर्ण दौर में सेवा करना मेरे लिए सच्चे सम्मान की बात रही। आज जब मैं इस सम्माननीय पद को छोड़ रहा हूं, मेरे दिल में भारत की उपलब्धियों और शानदार भविष्य के लिए गर्व और अटूट विश्वास है।

गहरी श्रद्धा और आभार के साथ,

**जगदीप धनखड़**

### बंगाल के राज्यपाल रह चुके हैं

70 साल के जगदीप धनखड़ को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 30 जुलाई 2019 को बंगाल का 28वां राज्यपाल नियुक्त किया था। वे 1989 से 1991 तक राजस्थान के झुंझुनू से लोकसभा सांसद रहे। 1989 से 1991 तक वीपी सिंह और चंद्रशेखर की सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे।

### राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले हैं धनखड़

18 मई 1951 को झुंझुनू जिले में साधारण किसान परिवार में पैदा हुए जगदीप धनखड़ की शुरुआती शिक्षा गांव में हुई। फिर उनका एडमिशन सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में करवाया गया। धनखड़ का एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) में सिलेक्शन हो गया था, लेकिन वो गए नहीं। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया। इसके बाद एलएलबी की पढ़ाई की। जयुपर में ही रहकर वकालत शुरू की थी।

# बड़ा हादसा: बाइक सवार पति-पत्नी और मासूम बच्चे को रौंदा, तीनों की मौत



किस्मत भीलवाड़ा

**जयपुर।** जिले के बगरू थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 दहमी बालाजी पुलिया के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में पति-पत्नी और उनके मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही बगरू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगरू के अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। बगरू पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल विनोद ने बताया कि तीनों मृतकों की पहचान आदर्श नगर राजा पार्क जयपुर निवासी दीपक वर्मा, पत्नी माया देवी और 4 साल के मासूम दक्षित के रूप में हुई है। मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद तीनों शवों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किए जाएंगे। बाइक सवार पति-पत्नी अपने बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर अपने घर जयपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दहमी बालाजी पुलिया के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वाहन के टायर के नीचे दबने से बाइक सवार पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन और चालक की तलाश में जुट गई है।

### जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी मृतका

मृतका माया देवी तीन दिन पहले ही ससुराल से अपने पीहर बोराज मां से मिलने आई थी और सोमवार को भाई के द्वारा निकाली गई कांवड़ यात्रा और भगवान शिव के जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल होकर दोपहर में बाइक से अपने ससुराल जयपुर लौट रही थी. इस दौरान ये दर्दनाक हादसा हो गया।

## नीमकाथाना में कांग्रेस द्वारा "संविधान बचाओ सभा का हुआ आयोजन

# 2028 मे कांग्रेस सरकार बनने पर नीमकाथाना को पुनः 'ज़िला बनाने' का वादा - डोटासरा



किस्मत भीलवाड़ा

**नीमकाथाना।** क्षेत्र में कांग्रेस द्वारा आयोजित "संविधान बचाओ सभा" में रविवार को नीमकाथाना की धरती पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने गरजते हुए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 2028 में कांग्रेस की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में नीमकाथाना को ज़िला घोषित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक घोषणा के साथ सभा में भारी जोश और उत्साह देखा गया।सभा की अगुवाई कर रहे नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने कार्यक्रम स्थल तक डोटासरा का जोरदार स्वागत किया। गुहाला में उन्हें माल्यार्पण कर राजस्थानी परंपरा अनुसार साफा पहनाया गया, जबकि मिलन गार्डन पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारों की गूंज से माहौल को जोशीला बना दिया।सभा को संबोधित करते हुए डोटासरा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, देश का संविधान खतरे में है, संवैधानिक संस्थाएं दबाव में हैं और आमजन को न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने नीमकाथाना ज़िला रद्द करने और नगर परिषद को नगरपालिका में बदलने को जनता का सीधा अपमान बताया। डोटासरा ने बताया कि नीमकाथाना ज़िले की मांग वर्षों से लंबित है, जिसे पिछली कांग्रेस सरकार ने मान्यता दी थी। लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा ने सीकर संभाग व नीमकाथाना जिला रद्द कर दिया, जिससे यहां की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।विधायक सुरेश मोदी ने अपने संबोधन में वर्तमान राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, भाजपा लोकतंत्र की बात करती है, लेकिन मुख्यमंत्री तक की नियुक्ति दिल्ली से पर्ची भेजकर कर दी जाती है। यह सरकार जनभावनाओं को रौंदने वाली सरकार है, जिसने जनता की आवाज दबाने का काम किया है।उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है, माफिया हावी हैं, पुलिस खुद असुरक्षित है, किसानों को खाद और बीज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। मोदी ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि पिछली सरकार के जनहित में लिए गए निर्णयों को सिर्फ राजनीतिक द्वेषता के चलते रद्द किया गया हो।

# राजस्थान में खान विभाग कर रही है पुराने बकाये की वसूली, जुटाए 2504 करोड़ रुपये

किस्मत भीलवाड़ा

राजस्थान के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) में राजस्व संग्रहण पर जोर शोर से काम कर रही है। जिससे विभाग को काफी फायदा भी मिला है। खान विभाग पुराने बकाये की वसूली कर में जुटी है। वहीं पुराने बकाये की तेजी से वसूली के निर्देश भी दिये गए हैं। खान विभाग के प्रमुख सचिव टी रविकान्त ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 जुलाई 2025 तक कुल 2504 करोड़ का राजस्व संग्रहित किया जा चुका है जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 125 करोड़ अधिक है। सोमवार (21 जुलाई) को विभागीय समीक्षा के लिए आयोजित वर्चुअल बैठक में रविकान्त ने फील्ड अधिकारियों को राजस्व वसूली में कोताही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पुराने बकाया और शास्तियों की वसूली में भी तेजी लाई जाए और प्रत्येक कार्रवाई के ठोस परिणाम सुनिश्चित किए जाएं।



### डीएमएफटी और हरियालो राजस्थान पर विशेष जोर

रविकान्त ने कहा कि सरकार द्वारा डीएमएफटी (जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास) के लिए संशोधित नियम जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि फील्ड अधिकारी जिला कलेक्टरों से समन्वय कर प्रतिनिधियों का मनोनयन करवाएं और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ मिलकर समिति की बैठक कर कार्यों की रूपरेखा को अंतिम रूप दें। बैठक में खान निदेशक दीपक तंवर ने बताया कि राज्य सरकार ने इस वर्ष राजस्व लक्ष्य को बढ़ाया है, जिसे प्राप्त करने के लिए अभी से ठोस रणनीति अपनानी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक विभाग ने गत वर्ष की इसी अवधि से 124.82 करोड़ अधिक राजस्व अर्जित किया है, लेकिन रफ्तार और बढ़ानी होगी।

# राजस्थान हाईकोर्ट को मिला नया मुख्य न्यायाधीश, केआर श्रीराम ने ली शपथ

किस्मत भीलवाड़ा

**जयपुर।** मद्रास हाईकोर्ट से तबादला होकर आए जस्टिस केआर श्रीराम ने सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट के 43वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली. राजभवन में आयोजित गरिमापूर्ण समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने उन्हें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई. इससे पूर्व मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राज्यपाल की अनुमति लेकर राष्ट्रपति की ओर से जारी सीजे का नियुक्ति वारंट पढा. इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद और हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश सहित न्यायिक अधिकारी व वकील मौजूद रहे. शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल और दीया कुमारी सहित अन्य लोगों ने सीजे श्रीराम को बधाई दी. गौरतलब है कि हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट के सीजे एमएम श्रीवास्तव को मद्रास हाईकोर्ट और वहां सीजे रहे केआर श्रीराम को राजस्थान हाईकोर्ट में तबादला किया गया था. 28 सितंबर, 1963 को मुंबई में जन्मे सीजे केआर श्रीराम ने मुंबई विश्वविद्यालय से एलएलबी करने के बाद लंदन से समुद्री विज्ञान में एलएलएम किया. वहीं वे जुलाई 1986 को महाराष्ट्र एवं गोवा बार कौंसिल में वकील के रूप में पंजीकृत हुए. बतौर वकील उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट, उपभोक्ता आयोगों, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण, प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण और कंपनी कानून बोर्ड में सफलतापूर्वक वकालत की.



# मुंबई में एअर इंडिया का विमान रनवे से फिसला

मुंबई।

मुंबई एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एअर इंडिया का ह्व2744 प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। ये विमान कोच्चि से मुंबई आया था। मुंबई में भारी बारिश के कारण रनवे पर फिसलन थी, जिससे विमान रनवे से 16 से 17 मीटर दूर घास पर चला गया। ये हादसा सुबह 9:27 बजे हुआ। तस्वीरों में दिखा कि विमान के दाहिने इंजन के नैसेल (ढक्कन) को नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद विमान को पार्किंग तक लाया गया, जहां सभी यात्री और क्रू मेंबर्स को उतारा गया। इस दौरान विमान के तीन टायर फट गए। एअर इंडिया ने बताया कि हादसे में किसी पैसेंजर्स या क्रू मेंबर्स को नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि मुंबई एयरपोर्ट का मेन रनवे, 09/27 क्षतिग्रस्त हुआ है। रनवे पर फ्लाइट्स की आवाजाही बंद कर दी गई है। रनवे किनारे तीन साइनेज बोर्ड और चार लाइटें भी टूट गईं।



## जयपुर में सीएम शर्मा का योगी मॉडल एक्शन

# जामडोली में खून, बदला और दिन भर बवाल.. पुलिस मुठभेड़ के बाद हत्यारा अनस गिरफ्तार!

## पुलिस की पिस्तौल छीनकर भागने की फिराक में था अनस, पैर में लगी गोली

- हत्याकांड के बाद सुलगा जामडोली, कई घंटों तक हाईवे जाम, पथराव और हंगामा
- देर शाम बनी सहमति, मुआवजा, संविदा पर नौकरी, डेयरी बूथ और सुरक्षा का आश्वासन

### सात गुंड़ों की पूरी गैंग गिरफ्तार



किस्मत भीलवाड़ा

**जयपुर।** राजधानी के जामडोली इलाके में रविवार रात को 22 साल के युवक विपिन नायक के मर्डर से मचे बवाल के बाद राजस्थान की भजनलाल सरकार की पुलिस ने भी उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यानाथ की पुलिस की तर्ज पर एक्शन किया है। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी असन खान उर्फ शूटर को उसके पैरों में गोली मारकर उसे दबोच लिया है। अनस को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस केस के सभी सात आरोपियों को दबोच लिया है।

वहीं मामले को लेकर जयपुर-आगरा रोड पर कई घंटों तक बवाल मचा रहा। जानकारी के अनुसार विपिन नायक की अनस खान और उसके साथियों ने रविवार रात को धोखे से अंधेरे में बुलाकर उसे मार डाला था। पुलिस के मुताबिक अनस ने विपिन की सीने में एक के बाद एक 14 वार किए थे। इससे विपिन की मौके पर ही मौत हो गई थी। विपिन की हत्या के बाद पूरे इलाके में बवाल मच गया था। पुलिस के मुताबिक विपिन हत्याकांड में शामिल सभी सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। खबर लिखे जाने तक विपिन का शव मोर्चरी में रखा हुआ था। पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी अनस ने भागने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि इस दौरान उसने पुलिस एएसआई का रिवॉल्वर भी छीन लिया था। आखिरकार पुलिस ने उसके पैरों में गोली मारकर उसे काबू में किया।

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि आरोपी ने पुलिस की पिस्टल लेकर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी अनस खान के पैर में गोली लगी। पूरी रात पुलिस टीमों ने जगह जगह दबिश दी। सभी मुख्य आरोपी गिरफ्तार हो गए हैं। भट्टा बस्ती इलाके से गिरफ्तारी की गई है।

# सबसे कड़वी और मीठी चीज है वाणी - साध्वी प्रवीणाश्रीजी म.सा.

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा, 21 जुलाई।** "जीवन में वाणी ऐसी होनी चाहिए जो दूसरों के दिल को न दुखाए, बल्कि मधुर और हितकारी हो, जिससे दुश्मन भी मित्र बन जाए।" यह विचार तपदीप्ति महाश्रमणी रत्ना महासाध्वी प्रवीणाश्रीजी म.सा. ने श्री प्राज्ञ स्वाध्याय भवन, भीलवाड़ा में सोमवार को दिए। महासाध्वीजी श्री अरिहंतमार्गी जैन महासंघ द्वारा आयोजित धर्मसभा में "सबसे कड़वी मीठी चीज - वाणी" विषय पर प्रवचन दे रही थीं। उन्होंने बताया कि वाणी में इतनी शक्ति होती है कि वह किसी के गुस्से को शांत कर सकती है और किसी पराए को भी अपना बना सकती है। उन्होंने बीरबल की बात को उद्धृत करते हुए कहा कि सबसे मीठी और सबसे कड़वी चीज वाणी ही है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी पाप कर्म की अनुमोदना नहीं करनी चाहिए। हमें अच्छे कार्यों की सराहना करनी चाहिए, जिससे आत्मा की शुद्धि व कर्मों की निर्जरा संभव हो सके। धर्मसभा में साध्वी नम्रताश्रीजी म.सा., साध्वी जागृतिश्रीजी म.सा., स्वर्णरेखाजी म.सा., अतुलप्रभाजी म.सा., निर्जराश्रीजी म.सा., निसर्गश्रीजी म.सा. व केवलीश्रीजी म.सा. का सान्निध्य प्राप्त हुआ। सभा के दौरान सुश्राविका विमला खारीवाल ने तेला तप के पच्चख्खान लिए तथा अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने एकासन, उपवास, आयंबिल आदि तप किए। संचालन महावीर पोखरना ने किया। नियमित प्रवचन प्रतिदिन प्रातः 8.45 से 9.45 बजे तक हो रहे हैं।

# ढ़ेलाणा विद्यालय में किया पौधारोपण



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** कस्बे के निकटवर्ती ढ़ेलाणा गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आज सोमवार को पौधारोपण किया गया, पौधारोपण कर पौधे के देखरेख की जिम्मेदारी । ढ़ेलाणा विद्यालय में हरियालो राजस्थान के तहत किया गया सवाईपुर पीईईओ डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर के आतिथ्य में पौधारोपण किया गया, इस दौरान बरगद, मीठी नीम, अमरुद, सहित फल व फूलदार 50 पौधे लगाए । पीईईओ डॉ. ठाकुर ने पेड़ पौधों से हरे भरे विद्यालय को देखकर प्रधानाध्यापिका व ग्रामवासियों की प्रशंसा की । प्रधानाध्यापिका सरिता व्यास ने पेड़ पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली । इस दौरान ग्रामीण हीरालाल जाट, सांवरमल वैष्णव, श्यामलाल जाट, भैरु तेली, मुकेश दरोगा, हरीलाल जाट आदि क??? मौजूद रहे ।

# त्रिवेणी के जल से आकोला के रुद्र महादेव का किया अभिषेक



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** कस्बे के निकटवर्ती आकोला गांव के रुद्र महादेव का आज सावन के दूसरे सोमवार को त्रिवेणी संगम के जल से अभिषेक किया गया । ग्रामीण रामकिशन जाट ने बताया कि सावन माह के दूसरे सोमवार को आकोला कस्बे में स्थित रुद्र महादेव मंदिर पर भोलेनाथ का आज सुबह त्रिवेणी संगम से पांच कावड़ में जल लेकर निकले, कावड़ के जल का शाम को भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर त्रिवेणी संगम से लाये जल से अभिषेक किया गया । इस दौरान किशन जाट, हरि जाट, बाबु मेवाड़ा, रामकुवार जाट, नीकी दरोगा, रामलाल जाट, राजु जाट, राहुल सेन, नारायण तेली, बाबु जाट आदि कई मौजूद रहे ।

# श्रावण मास के दूसरे सोमवार को सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक और पंचवक्त्र पूजन

किस्मत भीलवाड़ा

**बनेड़ा** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को बनेड़ा कस्बे स्थित प्राचीन श्रीसिद्धेश्वर महादेव मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधिवत रूप से रुद्राभिषेक एवं पंचवक्त्र पूजन किया गया। पंडित अभय शंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर की स्थापना के समय से ही श्रावण मास में प्रतिदिन रुद्राभिषेक की परंपरा रही है, जो श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनी हुई है। विशेष पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुभाष व्यास, विजय पाराशर, सुधाकर पाटोदिया, अनिरुद्ध पाटोदिया, भुवनेश त्रिपाठी, इंदीवर देराश्री, दीपंकर पारीक, सचिन पारीक, अनिल तंबोली, सुनील धावा एवं सुयश सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिसर शिव भक्तों की जयघोष से गूंज उठा, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया।



# विशेषाधिकारी डॉ. राजेश शर्मा ने केकड़ी आयुर्वेद कॉलेज का निरीक्षण किया



किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी,** आयुष शिक्षा प्रकोष्ठ के विशेषाधिकारी डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, केकड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता, कार्य की गति व सुविधाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए। परिसर की स्वच्छता और कार्यप्रणाली को संतोषजनक बताया। उन्होंने छात्रों से जुड़े विषयों पर जानकारी ली और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ. गिरिराज साहू सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने आयुष शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को सरकार की प्राथमिकता बताया।

# चातुर्मास पुण्य संचय का श्रेष्ठ अवसर महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा.

## सुभाषनगर स्थानक में चातुर्मासिक मंगल प्रवचन आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा





**भीलवाड़ा,** "चातुर्मास हमारे जीवन में पुण्यों का संचय करने का सर्वोत्तम अवसर लेकर आता है। पुण्य से राजा श्रेणिक की तरह सत्ता और शालिभद्र जैसी समृद्धि प्राप्त की जा सकती है।" ये प्रेरणादायी विचार अनुष्ठान आराधिका, ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने सोमवार को सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा आयोजित मंगल प्रवचन में व्यक्त किए। महासाध्वीजी ने कहा कि श्रेणिक और शालिभद्र दोनों ने भगवान महावीर के समवसरण में तीर्थंकर गोत्र का बंध किया। यह पुण्य की ही शक्ति थी। आज भी हमें पुण्य संचय का यही अवसर चातुर्मास में प्राप्त हो रहा है, जहां भगवान महावीर की वाणी और गौतमस्वामी के आगम श्रवण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने भक्ति और भोग के भेद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जहां भोग है वहां त्याग नहीं हो सकता, और जहां त्याग है वहीं से मुक्ति का मार्ग शुरू होता है। राग-द्वेष से ऊपर उठकर वीतरागता की ओर बढ़ना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने कहा कि कथनी और करनी में अंतर ही संसार बंधन का कारण है, और जब यह एकरूप हो जाए, तब आत्मा परमात्मा बन जाती है। महासाध्वीजी ने सुभाषनगर संघ की सेवा-भावना की सराहना करते हुए कहा कि स्थान छोटा सही, पर यहां के दिल बड़े हैं, और इसी कारण भीलवाड़ा का यह चातुर्मास देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। प्रवचन के प्रारंभ में विद्याभिलाषी साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. ने सुखविपाक सूत्र का वाचन किया, वहीं वास्तुशिल्पी साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. का भी सान्निध्य मिला। चातुर्मास में तपस्या का क्रम निरंतर जारी है, जिसमें अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने तेला, बेला, पंचोला, उपवास, आयम्बिल, एकासन आदि तप के प्रत्याख्यान लिए। मुंबई विरार संघ से प्रकाश सोलंकी, नीलू सोलंकी और गांधीधाम से चेनसिंह सुराणा सहित अनेक अतिथियों का स्वागत चातुर्मास आयोजन समिति व श्रीसंघ पदाधिकारियों ने किया। संचालन राजेन्द्र सुराणा ने किया।

## नगर निगम का श्रावण मास में विशिष्ट आयोजन

# वार्ड 10 व 11 के ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर एवं बाल हनुमान मंदिर में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा 21 जुलाई।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम के ग्यारहवें दिन महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में शहर के दो वार्डों में आयोजन संपन्न हुआ। वार्ड 11 के अंतर्गत बाल हनुमान मंदिर में पार्षद इंदु टाक की उपस्थिति में एवं वार्ड 10 में ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पार्षद महेंद्र घबरानी की उपस्थिति में सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन हुआ। पंडित योगेन्द्र शर्मा सहित सहयोगी पंडितों ने अभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेंद्र राव, कार्यक्रम संयोजक ओम साईंराम, पार्षद गजेंद्र चुण्डावत, मनोज टाक, पंडित द्वारका प्रसाद, मनोज बुलानी, विक्रम सोलंकी, गौरव टाक, अमित गुप्ता, संजय त्रिवेदी, संतोष दुबे, रूपेंद्र नायर, संजय मेहता, जितेंद्र मोटवानी, अक्षय टेलर, जितेंद्र पोपटानी, हैप्पी त्रिवेदी, मोडूदास वैष्णव, रामलाल माली, सोनू मोतियानी, पवन मोतियानी, कैलाश, जमना देवी, मंजू देवी शर्मा, शीला देवी, कंचन मोतियानी, गुड्डी देवी सहित बापूनगर महिला मंडल एवं अनेक वार्डवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

**आज वार्ड 14 और 15 में होगा सहस्त्रधारा अभिषेक**

नगर निगम द्वारा आयोजित श्रावण मास सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम आज प्रातः 8 बजे वार्ड 14 के अंतर्गत सी सेक्टर पार्क शिव मंदिर में और प्रातः 11 बजे वार्ड 15 में आजाद नगर स्थित शिव मंदिर में आयोजित होगा।

# पेड़ लगाना पर्यावरण के लिए उपयोगी-पुरोहित

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज-** हरियालो राजस्थान के तहत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी अखिलेश पुरोहित के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य हेमलता चौधरी की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कर छात्रों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी अखिलेश पुरोहित ने भावी युवा पीढ़ी को पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए आमजन को आगे आकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने पड़ेंगे अन्यथा आने वाला समय हम सभी के लिए घातक होगा। प्रधा?नाचार्य हेमलता चौधरी ने बच्चों को पेड़ लगाकर के पर्यावरण को शुद्ध बनाने में भागीदारी निभाने के लिए जागरूक किया। शारीरिक शिक्षक धर्मेन्द्र गहलोत ने हरियालो राजस्थान के प्रति सभी छात्र-छात्राए व आम नागरिको को वृक्ष लगाने के प्रति संकल्पित होकर पेड़ लगाने के कार्यक्रम को क्रान्ति के रूप धारण करेंगे। तभी हम सभी का ध्येय पुरा होगा। अध्यापक कुलदीप बांगड़ा ने हर घर पेड़ लगाने की नसियत दी। डॉ. दिनेश कुमार, भंवरलाल हिन्डोनिया विनोद कुमार ने सहयोग कर दो दर्जन से अधिक पेड़ों को लगाया। इस अवसर पर मेल नर्स पंकज कुमार मीणा भी उपस्थित थे।

# पालघर जिला अस्पताल में रक्त पेढी का प्रभारी मंत्री नाइक ने किया शुभारंभ

किस्मत भीलवाड़ा



**पालघर** पालघर जिला अस्पताल में रक्त पेढी का शुभारंभ जिले के प्रभारी व वन मंत्री गणेश नाइक के हाथों किया गया। शुभारंभ के बाद मंत्री ने कहा कि रक्तदान ही पवित्र दान हे। जिला मुख्यालय पर रक्त के जमा होने पर लोगों को रक्त समय पर उपलब्ध होने से लोगों को जीवनदान मिलेगा। पालघर जिला अस्पताल में रोटरी क्लब मुंबई द्वारा रक्त पेढ़ी बनाई गई। जो जिले के लिए अच्छा कदम होगा। कार्यक्रम में पालघर विधायक राजेंद्र गावित, जिला कलेक्टर डा इंदु रानी जाखड़, जिला अस्पताल के डा रामदास, रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ बालकृष्ण ईमानदार, पूर्व जिला प्रमुख प्रकाश निकम, व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रक्त पेढी शुभारंभ के बाद प्रभारी मंत्री नाइक द्वारा पालघर जिलाधीश कार्यालय मैदान में वृक्षारोपण किया गया।

# सावर से झरनेश्वर महादेव के दर्शन के लिऐ पैदल यात्रीयो का जत्था रवाना

किस्मत भीलवाड़ा

**सावर।** सावर में सावन माह के दुसरे सोमवार को विभिन्न धार्मिक आयोजन को लेकर खटीक समाज के नवयुवक मंडल के तत्वावधान में खटीक मौहल्ले में स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर से भोले नाथ के जयकारों के साथ ध्वज लेकर पैदल यात्रा का शुभारंभ किया गया। नवयुवक मंडल के सदस्य जीवण खटीक,मुकेश सामरिया, मनोज सामरिया ने बताया कि गाजे-बाजे के साथ केकडी रोड़ पर स्थित खारी नदी में स्थित झरनेश्वर महादेव मंदिर के लिए सेकड़ो की तादाद में भक्तों का सैलाब पैदल रवाना हुआ। कस्बे में जगह-जगह पैदल यात्रियों का पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। पैदल यात्री झरनेश्वर महादेव मंदिर पहुँचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करके क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामनाओ के साथ ही क्षेत्र में खुशहाली की कामना करेंगे।



# भाविप शाखा द्वारा कामिका एकादशी पर की गौ सेवा

**गुलाबपुरा** भारत विकास परिषद् परिवार द्वारा कामिका एकादशी पर श्री माधव गौ उपचार केंद्र पर गौ माता की सेवा गुड और चारा खिला कर की। महिला प्रमुख मुन्नी देवी जागेटिया के सानिध्य में मातृशक्ति भगवती देवी मूंदड़ा,ज्योति दिनवानी,मंजू देवी लखारा , लीला देवी गग्गड़,कन्हैया लाल सोनी,रतन लाल लखारा, किशोर राजपाल,ओम प्रकाश शर्मा,सत्य नारायण जागेटिया,राम किशन त्रिपाठी, प्रेम चंद दिनवानी गुडडू भाई आदि ने सेवा में सहयोग प्रदान किया। प्रभारी मीनाक्षी भाटिया ने बताया कि परिषद परिवार द्वारा रोपित पौधों का अवलोकन कर सार संभाल की गई। उपस्थित सदस्यों द्वारा केंद्र पर गौ माता हेतु सहयोग राशि समर्पित की गई । एकत्रित राशि से बाहरी कक्ष पर सीमेंट प्लास्टर का कार्य परिषद द्वारा कराया जाएगा । पूर्व में भी परिषद द्वारा टीन शेड बनवाया गया है।



# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 28 जुलाई को

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाडा,** 21 जुलाई। जिला सड़क सुरक्षा समिति की माह जुलाई की बैठक जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में 28 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयेजित होगी। यह जानकारी अधीक्षण अभियंता सा.नि.वि. एवं सदस्य सचिव ने दी।

# विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 जुलाई को

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाडा,** 21 जुलाई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिले के समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 जुलाई, को प्रातः 9.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित किया जायेगा।

# राजस्थान में बढ़ते महिला अपराधों पर संयम लोढ़ा ने भजनलाल सरकार को घेरा



किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज,** पूर्व मुख्यमंत्री सलाहकार संयम लोढ़ा ने सिरोही में आयोजित महिला कांग्रेस के अभिनंदन समारोह में राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि भजनलाल सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में राजस्थान अपराधों के मामले में देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के समय राज्य दसवें स्थान पर था। लोढ़ा ने माउंट आबू में बढ़ते देह व्यापार को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि पवित्र तीर्थ स्थल आबूराज अब "बैंकॉक" बनता जा रहा है, जहां कम उम्र की लड़कियों के साथ गलत कार्य हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय महिला आयोग से इस विषय पर तुरंत कार्रवाई की मांग की। लोढ़ा ने प्रधानमंत्री मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि महिला अपराधों के मामलों में वृद्धि हुई है और रुपये की कीमत डॉलर के मुकाबले गिरती जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए कांग्रेस पर झूठे आरोप लगाती है। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश महासचिव हेमलता शर्मा व जिलाध्यक्ष रेणुलता व्यास का अभिनंदन किया गया। जिलेभर से आई महिला कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

# प्रगतिशील शिक्षक संघ ने 21 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन, किया प्रदर्शन

किस्मत भीलवाड़ा



**केकड़ी, 21 जुलाई।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील, जिला शाखा ब्यावर द्वारा सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर शिक्षकों की 21 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कमल सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान शीघ्र करने की मांग की। जिला प्रवक्ता अक्षय कुमार मीणा ने बताया कि मांगों में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के ट्रांसफर, पदोन्नति, और गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार सत्र 2025-26 की मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लेती है, तो आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार और शिक्षा विभाग की होगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुकेश मीणा, कोषाध्यक्ष दीपक मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष पायलेट मीणा, मंत्री रोहितास विश्नोई सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवगंज में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज,** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवगंज में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। दंत चिकित्सक डॉ. मुकेश दिवाकर ने बताया कि तंबाकू सेवन से मुंह का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां होती हैं, जो न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार, समाज व पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं। वर्ष 2025 की थीम "Black Product - Dark Intention" के अंतर्गत उन्होंने बताया कि तंबाकू कंपनियां आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर व विज्ञापन के माध्यम से युवाओं को गुमराह कर रही हैं। विद्यार्थियों को इन षड्यंत्रों से बचने और स्वस्थ भारत निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया गया। दंत तकनीशियन श्री रमाशंकर शर्मा ने विद्यार्थियों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सज्जन सिंह, शिक्षक अशोक मीणा, दिनेश ओझा व राजकुमारी चौधरी सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# किसानों को वर्मी कम्पोस्ट बनाने का दिया प्रशिक्षण, जैविक खेती को मिला बढ़ावा

किस्मत भीलवाड़ा



**रघुनाथपुरा,** बड़ीसादड़ी कृषि विज्ञान केन्द्र, चित्तौड़गढ़ द्वारा जनजाति उप योजना (TSP-ICAR) के तहत एक दिवसीय वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन तकनीकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के सबलपुरा, रतीचंदजी का खेड़ा, रातीतलाई एवं रघुनाथपुरा गांवों से करीब 50 किसान एवं महिला कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को जामुन एवं नींबू के 100 पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केन्द्र अध्यक्ष डॉ. रतनलाल सोलंकी ने जैविक खेती के महत्व व लाभों पर प्रकाश डालते हुए वर्मी कम्पोस्ट, वर्मी वॉश, बीजामृत, पंचगव्य जैसे जैविक उत्पादों के निर्माण एवं उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को वर्मी कम्पोस्ट इकाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया ताकि वे घर पर ही जैविक खाद तैयार कर सकें। कार्यक्रम सहायक दीपा इंदौरिया ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट मिट्टी की उर्वरता, जलधारण क्षमता एवं उत्पादन को बढ़ाता है, वहीं खरपतवार और रोगों में भी कमी लाता है। तकनीकी सहायक संजय धाकड़ ने रासायनिक खादों के दुष्प्रभाव बताते हुए वर्मी कम्पोस्ट के प्रयोग को आवश्यक बताया। अंत में सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी शंकरलाल नाई ने किसानों को वर्मी कम्पोस्ट इकाई का भ्रमण कराकर कार्यक्रम का समापन किया और सभी प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया।

# अखिल भारतीय रेगर महासभा युवा प्रकोष्ठ छात्रावास स्थल पर छायादार पौधे लगाकर किया पौधारोपण

किस्मत भीलवाड़ा



**आसींद** अखिल भारतीय रेगर महासभा युवा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी छात्रावास बराणा चौराया मुख्यालय आसींद के नेतृत्व में पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान को मध्य नजर रखते हुए रेगर समाज के सदस्यों द्वारा 31 छायादार पौधे लगाऐ और छात्रावास स्थल के बाहर पार्किंग की तरफ 15 पौधे और 15 ट्री गार्ड भागीरथ रेगर आसींद की तरफ से लगाए गए एवं छात्रावास कार्यकारिणी के प्रत्येक सदस्य ने एक-एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा करने की जिम्मेदारी ली एवं छात्रावास के बहार साइन बोर्ड लगवाया । एवं सभी सदस्यों ने शपथ ली कि प्रतिवर्ष सभी सदस्य एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी । आम समाज द्वारा पूर्व में लिए गए प्रस्ताव पर भी छात्रावास स्थल पर वार्डन रूम के सामने टिन सेट एवं फर्श पर फ्लोरिंग टाइल लगवाने और सभी साइन बोर्ड पर पेंटिंग करवा के संस्था का नाम लिखवाने लाइट कनेक्शन एवं नल कनेक्शन लेने के मौखिक प्रस्ताव दिऐ एवं इस कार्यक्रम में छात्रावास कार्यकारिणी के संरक्षक पूर्व सरपंच रामलाल रेगर, भागीरथ रेगर, अध्यक्ष मुकेश कुमार रेगर, संयोजक हरीश कुमार रेगर, कोषाध्यक्ष अंबालाल रेगर, सचिव सुनील रेगर, उपाध्यक्ष धर्मीचंद रेगर, कालू रेगर, बाबूलाल रेगर, संपत लाल रेगर, प्रताप लाल रेगर, मुकेश रेगर, भगवती लाल रेगर, सुखदेव रेगर, रामप्रसाद रेगर, एवं रेगर समाज के सदस्य एवं पदाधिकारी गण मौजूद रहे

## बागोर पुलिस ने 1 साल से फरार 5000 रुपए के इनामी को उज्जैन से किया गिरफ्तार




किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** पुलिस थाना बागोर ने पोक्सो एक्ट के एक प्रकरण में एक वर्ष से फरार चल रहे 5000 रुपए के इनामी आरोपी पूरणदास को उज्जैन महाकाल से गिरफ्तार किया। आरोपी पूरणदास निवासी फलासिया, जिला चित्तौड़गढ़, वर्ष 2024 के अपहरण मामले में वांछित था। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर गठित टीम ने भेष बदलकर आरोपी को पकड़ा। इस कार्रवाई में थानाधिकारी भंवरलाल के नेतृत्व में कांस्टेबल जितेंद्र प्रताप सिंह और मुस्ताक मोहम्मद ने विशेष भूमिका निभाई। आरोपी को पहचान पुराने फोटो के आधार पर की गई।

## बिजौलिया पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई कर चोरी हुआ ट्रेलर किया बरामद

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** पुलिस थाना बिजौलिया ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेलर चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चोरी हुआ वाहन गंगापुर सिटी, जिला सवाई माधोपुर से बरामद कर लिया। 18 जुलाई को प्रार्थी राजुलाल धाकड़ निवासी कल्याणपुरा ने रिपोर्ट दी कि उसका ट्रेलर नयागांव स्थित एनएच-27 पर पेट्रोल पंप के पास से चोरी हो गया। थाना अधिकारी लोकपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने विभिन्न टोल प्लाजा और ढाबों के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर ट्रेलर का रूट मैप तैयार किया। तलाश के दौरान उक्त ट्रेलर सवाई माधोपुर के निकट उदय मोड़ पर लावारिस हालत में खड़ा मिला, जिसे पुलिस ने बरामद कर थाने लाया। हालांकि आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल हरिसिंह व कांस्टेबल सुरेन्द्र का विशेष योगदान रहा। अज्ञात चोरों की तलाश अभी जारी है।



## आसींद पुलिस ने अवैध शराब तस्करी का किया खुलासा, दो गिरफ्तार

किस्मत भीलवाड़ा

भीलवाड़ा। पुलिस थाना आसींद ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सफारी गाड़ी से पांच पेटी देशी शराब बरामद कर दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारस जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सहाड़ा) रोशन पटेल और पुलिस उप अधीक्षक ओमप्रकाश सोलंकी के सुपरविजन में थाना प्रभारी हंसपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। दिनांक 19 जुलाई को हेड कांस्टेबल मंगल सिंह गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम लाछुड़ा से दौलतगढ़ की ओर आ रही काले रंग की सफारी को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की में पांच पेटी अवैध देशी शराब मिली, जिसके संबंध में कोई वैध लाइसेंस नहीं पाया गया। वाहन में सवार विकास खटीक (30) और कैलाश खटीक (34), दोनों निवासी तिलोली, को मौके पर गिरफ्तार किया गया तथा वाहन भी जब्त किया गया। मामले में थाना आसींद में मामला दर्ज कर जांच जारी है। टीम में निलेश शर्मा, जगदेव व महेन्द्र सिंह का सहयोग रहा।

## न्यायिक कर्मचारी संगठन ने की अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू



न्यायालयो मे हुवा काम ठप्प -

**केकड़ी** राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ शाखा केकड़ी ने अपनी मांगो के समर्थन मे सोमवार से प्रदेश एवं जिला शाखा के निर्देशानुसार अनिश्चित कालीन हड़ताल प्रारम्भ कर दी है न्यायिक कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से सभी न्यायालयों मे काम ठप्प हो गए है और सभी न्यायालय वीरान हो गए है न्यायिक कर्मियों की हड़ताल से पेशी पर आने वाले मुवक्कीलो सहित आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा वही दूसरी और वकीलों को भी आपस मे बतियाते एवं चाय की चुस्कीया लेते देखा गया न्यायिक कर्मियों की मुख्य मांग है राजस्थान उच्च न्यायालय की फुल बेंच द्वारा केडर पूनर्गठन सम्बन्धी जो प्रस्ताव 6मई 2023 को राजस्थान सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा गया था उसे मई 2023 से राज्य सरकार दबा कर बैठी है उसकी स्वीकृति सरकार तत्काल जारी करें

# 21 कुंड, कुएं और बावड़ी के जल से नीलेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** श्रावण मास के दुसरे सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न शिवालयो मे' गूंज बम्ब बम्ब भोले', शिवालयो मे सुबह से लगी कावडियो व श्रद्धालो की भीड़। शहर के श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर मे स्थित श्री नीलेश्वर महादेव का सावन माह के दूसरे सोमवार को सैकड़ो कावडियो ने जलाभिषेक किया। बालाजी मंदिर महंत पवन दास वैष्णव के सानिध्य में मातृशक्ति के दल और श्रद्धालु द्वारा हुरडा बरेली बालाजी के वहां से 21 गांव धार्मिक मंदिर के कुंड, कुआं और बावड़ी से 105 महिलाओं ने सावन के दूसरे सोमवार को पवित्र जल को कलश कावड़ के माध्यम से गाजे बाजे व जयकारे मुख्य मार्गो से लाया गया। पंडित गोपाल लाल तिवाडी ने वेद मंत्रों द्वारा नीलेश्वर महादेव का जलाभिषेक करवाया कावड़ यात्रा का हुरडा बस स्टैंड पर विनोद पुरोहित समाजसेवी के सान्निध्य में स्थानीय महिलाओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। गुलाबपुरा में जल कावड़ यात्रा का जगह-जगह लोगो स्वागत सत्कार किया गया है। श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में महंत पवन दास वैष्णव एवं मंदिर समिति महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा भाटिया रूपाहेली, महिला मंडल सदस्य अनुराधा वैष्णव, शांति मेघवंशी, उर्मिला वैष्णव, सुश्री मीनाक्षी भाटिया,मुन्नी पहाड़िया श्रीमती पारस वैष्णव,आदि महिलाओं ने कावड़ की पूजा अर्चना की और श्री नीलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर विश्व के कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर पुजारी अजय वैष्णव, विजय भाटिया समाजसेवी, बालाजी भक्त महावीर लढा पार्षद, पत्रकार राजकुमार पाटनी,रामकुमार चौधरी पूर्व पार्षद रंणजीत मेवाड़ा, पत्रकार रामकिशन वैष्णव, महावीर जांगिड़ बालाजी हार्डवेयर, समाजसेवी महेंद्र सिंह रावत विनय मेडिकल, भंवर सिंह हाड़ा, संजय पाराशर,घीसू सेन एक्सप्लोर,राकेश प्रजापत, प्रेमचंद खटीक, भेरू खटीक, विजय सिंह राजपूत,कल्याण मल लखारा सहित सैकडो शिव भक्त मौजूद थे। इसी प्रकार ग्राम आगूंचा, हुरडा, रुपाहेली, लाम्बा, कवलियास, जालखेडा, सहित गांवो मे भी श्रद्धालुओ ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।

## कंवलियास में भूगर्भ से प्रकट त्रिदेव शिव मंदिर पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

किस्मत भीलवाड़ा

**रायला** कंवलियास और कासोरिया के मध्य बन रहे हाईवे के किनारे खुदाई के दौरान प्रकट हुए त्रिदेव शिव मंदिर पर सावन माह के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। विगत कुछ महीनों पूर्व जब यहाँ सड़क निर्माण कार्य के दौरान भूगर्भ से यह प्राचीन शिवालय प्रकट हुआ, तभी से यह स्थल भक्तों के लिए आस्था का केंद्र बन गया है। मेले लगा हुआ है सावन माह प्रतिदिन क्षेत्र के अनेक गाँवों ईरांस, सरेरी , रायला , लांबिया , कंवलियास,विजयपुर, कासोरिया, जासोरिया, डाबला,



गोविंदपुरा, जोरावरपुरा, बोरखेड़ा और संतोषपुरा – से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा करके मंदिर पहुंचे। भक्तों ने शिवलिंग पर नारियल, अगरबत्ती, पुष्प व फल अर्पित कर शिवाभिषेक किया है ।

**पौराणिक मान्यता और चमत्कारिक धाम**

यह भी उल्लेखनीय है कि इस त्रिदेव मंदिर से सम्बंधित स्थल पर खुदाई के दौरान शिव परिवार सहित ज्योतिर्लिंग प्रकट हुए थे, जिसे पाबूजी महाराज के निर्देशों के अनुसार चिन्हित किया गया। ग्रामीणों में मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन-पूजन से बीमारियाँ दूर होती हैं और मानसिक शांति मिलती है।

**हर सोमवार मेले जैसे उमड़ते हैं श्रद्धालु**

हर सोमवार को यहाँ भक्तों का तांता लगा रहता है। कई श्रद्धालु दूर-दराज से पैदल यात्रा करके दर्शन के लिए पहुँचते हैं। मंदिर परिसर में जन सहयोग से निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

## 61 किमी की पदयात्रा कर ईरांस पहुंचे कांवड़िए, महादेव जी का किया जलाभिषेक

किस्मत भीलवाड़ा

**रायला** क्षेत्र के ईरांस में सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की आराधना में लीन श्रद्धालुओं ने आस पहाड़ से 61 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा कर ईरांस में महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किया। जय भोले और बोल बम के जयघोषों से क्षेत्र गूंज उठा।

दो दिन की भक्ति यात्रा बदनोर से 8 किमी दूर स्थित आस-पहाड़ दरबार के प्राचीन शिवधाम से शनिवार सुबह को 51 शिवभक्तों का जत्था रवाना हुआ, शनिवार सुबह आधिकारिक रूप से ईरांस के लिए कावड़ यात्रा रवाना हुए ओर बरसनी में रात्रि शनिवार को रुके , रविवार सुबह से चलकर रात 9 बजे ईरांस गांव पहुंचा। गांव में श्रद्धालु का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।



**61 किमी की आस पहाड़ से यात्रा शुरू**

जत्था ने आस पहाड़ से ईरांस तक लगभग 61 किमी की दूरी दो दिन में पूरी की। यात्रा में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी कंधे पर कांवड़ लेकर शामिल हुईं।

**भक्ति और उत्साह का संगम**

शनिवार को डीजे के साथ निकली कांवड़ यात्रा में भक्त नाचते-गाते हुए शामिल रहे। सोमवार को भगवान शिव का गंगाजल और सहस्त्रधारा विधि से जलाभिषेक किया गया।

**ग्रामवासियों की भव्य भागीदारी**

यात्रा मार्ग में ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह फूलों से स्वागत किया कांवड़ियों की सेवा में गाँव-गाँव से लोगों ने आगे आकर पुण्य कमाया।

**सावन में शिवभक्ति चरम पर**

श्रावण मास भगवान शिव को अतिप्रिय माना जाता है। इस माह में कांवड़ यात्रा करना विशेष पुण्यकारी माना जाता है। ईरांस में यह आयोजन सामूहिक भक्ति, समर्पण और परंपरा का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा।





**पंचामृत से अभिषेक**

सावन के इस पावन अवसर पर भक्तों ने दूध, दही, शहद, घी और शक्कर से पंचामृत तैयार कर भगवान शिव का विधिवत अभिषेक किया। अभिषेक के दौरान मंत्रोच्चार और शिव भजनों से मंदिर प्रांगण गूंजता रहा।

# मांडलगढ़ नगर पालिका में साधाराण सभा की बैठक आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा



**आकोला** मांडलगढ़ नगर पालिका में साधाराण सभा की बैठक आयोजित हुई नगर पालिका अध्यक्ष एवं अध्यक्ष सदस्यो ने विधायक का स्वागत किया बैठक में बैठक में शहर के सौन्दर्योकरण एवं विकास कार्यों पर चर्चा जिसमें मुख्य मुद्दे विकास निमार्ण पर विचार एवं अनुसंधान विभिन्न राजकीय कार्योलयो के भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों पर विचार विमर्श की कार्मिकों की प्रौन्नति एवं स्थाईकरण पर विचार विमर्श एवं आडिट व सुकृति प्रकरणों पर विचार विमर्श एवं जालेश्वर तालाब में नौकायन संचालन अहिंसा सर्किल से बाईपास रोड को जोड़ने के लिए मार्गाधिकार में आने निजी आरजियात के सम्बन्ध चर्चा दुर्ग पर राणा सांगा की मूर्ति लगाने पर चर्चा दशहरा मैदान में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने पर चर्चा हुई बैठक में पार्षद अनीता सुराणा ने गुप्तेश्वर महादेव लिंक रोड निर्माण नई आबादी से होंडा बारी तक सीसी सड़क निर्माण वार्ड नंबर 3 में सीसी सड़क निर्माण बीज गोदाम में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के प्रस्ताव सदन के समक्ष रखे बैठक में विधायक गोपाल खंडेलवाल नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी उपाध्यक्ष जफर टांक पार्षद अनीता सुराणा दुर्गा माली अशोक जाट परमेश्वर लाल मीणा दीपक नायक सुमन ओस्तवाल नीलकमल पटवा अरुण व्यास लादू खटीक इश्वर चांवरिया नजमा बानू रफीक टांक एवं अधिशाषी अधिकारी तेज भान सिंह कनिष्ठ सुरेश गर्ग कुन्दन लाल मीणा सभी पार्षद गण सहित अधिकारी स्टाफ मौजूद रहे ।

## एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत विधार्थियो को दस-दस पौधे वितरित किए गए



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** हुरडा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में राज्य सरकार की पर्यावरण संरक्षण की पहल हरियालो राजस्थान और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नर्सरी से क्रय करके प्रत्येक विद्यार्थियों को 10-10 पौधे निशुल्क वितरित किए गए और विद्यालय चारदिवारी और बाहरी क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय के संस्था प्रधान सत्येंद्र गर्ग ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और वृक्षों की देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वन विभाग हुरडा गुलाबपुरा नर्सरी इंचार्ज अंकिता जाट एवं गजानंद कुर्डिया ने विद्यार्थियों को पेड़ों के संरक्षण एवं महत्व की जानकारी दी। अध्यापक देवदत्त पारीक एवं हेमंत पाराशर ने पर्यावरण संरक्षण पेड़ों से होने वाले लाभ आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' सहकारी क्षेत्र को देगा नई दिशा- सहकारिता मंत्री गौतम दक

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा/जयपुर, 21 जुलाई।** राज्य के सहकारिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि हाल ही में 17 जुलाई को आयोजित 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' राजस्थान के सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। अपेक्स बैंक सभागार में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए दक ने कार्यक्रम की सफलता में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी ने टीम भावना से कार्य किया, जिससे 90 प्रतिशत से अधिक भागीदारी सहकारी आंदोलन से जुड़े लोगों की रही और राजस्थान से एक सकारात्मक संदेश देशभर में गया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि 'को-ऑपरेटिव बिल्ड अ बेटर वर्ल्ड' की सोच को साकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है और राजस्थान को सहकारिता के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनाना है। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार मंजू राजपाल ने भी अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि सहकारिता विभाग देश के शीर्ष 5 राज्यों में शामिल है और अब लक्ष्य शीर्ष स्थान हासिल करना है।



## भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई- अवैध बजरी खनन पर चला बुलडोजर, 14 गिरफ्तार, कई वाहन जब्त





किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना कारोई और डीएसटी टीम भीलवाड़ा ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बनास नदी से अवैध बजरी खनन करते हुए 16 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 3 जेसीबी और 1 लोडर को जब्त किया। साथ ही 14 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई 19 जुलाई को ग्राम दौलपुरा और तगडिया क्षेत्र में की गई, जहां बड़े पैमाने पर जेसीबी से बजरी भरकर ट्रैक्टरों के जरिए परिवहन किया जा रहा था। जब्त किए गए वाहनों की कुल कीमत करीब 2 करोड़ 27 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपितो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्रसिंह यादव, एएसपी रोशन पटेल और वृताधिकारी हरजीराम चौधरी के निर्देशन में थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह राठौड़ के नेतृत्व में की गई। टीम में कारोई थाना और डीएसटी के कुल 24 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई को अवैध खनन के खिलाफ सख्त संदेश बताया।

## गुलगांव में अतिक्रमण व जल निकासी की समस्या पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, मार्ग जाम

किस्मत भीलवाड़ा

**सावर, 21 जुलाई।** सावर पंचायत समिति के ग्राम गुलगांव में अतिक्रमण और जल निकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को सदारा-मेहरूकलां मार्ग पर जाम लगाकर आक्रोश जताया। लंबे समय से अतिक्रमण और खेतों में पानी भरने से फसलें खराब हो रही हैं, लेकिन प्रशासन की अनदेखी से नाराज़ होकर ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया, जिससे यातायात घंटों बाधित रहा। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में कई बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूचना पर केकड़ी सदर और सावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइश देकर जाम खुलवाया। मौके पर पहुंचे पटवारी जनकराज मीणा ने दो दिन में पाइपलाइन डालकर जल निकासी और अतिक्रमण हटाने का भरोसा दिलाया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंता ने भी फोन पर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। जाम के दौरान सरपंच नीरज चौधरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## सुरेश कुमार मीणा बने कृषि पर्यवेक्षक संगठन भीलवाड़ा के जिला अध्यक्ष



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति (कृषि पर्यवेक्षक संगठन) भीलवाड़ा की बैठक एवं चुनाव कृषि भवन में सम्पन्न हुए। बैठक में जिले के सभी कृषि पर्यवेक्षक, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक एवं सहायक कृषि अधिकारी शामिल हुए। सर्वसम्मति से सुरेश कुमार मीणा (निवासी छाजेला का खेड़ा, जहाजपुर) को निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया। मीणा ने महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष के रूप में टीना खटीक एवं जिला मंत्री पद पर कुलदीप कुमार सेन को मनोनीत किया। इस अवसर पर नीरज शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल राजस्थान कर्मचारी संयुक्त महासंघ), पूर्व जिला अध्यक्ष शिवलाल चौहान, रतनलाल शर्मा, संयोजक कैलाश चंद्र कहार, प्रदेश संयुक्त मंत्री खेमराज मीणा सहित कई कार्मिक उपस्थित रहे।

## सावर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, टॉप-10 अपराधी हंसराज कीर गिरफ्तार

किस्मत भीलवाड़ा

**सावर** पुलिस ने विशेष अभियान के तहत एक साल से फरार चल रहे टॉप-10 अपराधी हंसराज कीर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी वर्ष 2013 के गंभीर आपराधिक प्रकरण में वांछित था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। थानाधिकारी बनवारीलाल मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र के जरिए लोकेशन का पता लगाकर देवपुरा निवासी हंसराज को पकड़ा। यह कार्रवाई एसपी वंदिता राणा, एएसपी श्योराज मीणा व डीएसपी हर्षित शर्मा के निर्देशन में की गई।



## राष्ट्रीय हिन्दू सेवा संघ ने बोईसर में की कावड़ सेवा

किस्मत भीलवाड़ा

**पालघर।** राष्ट्रीय हिन्दू सेवा संघ ने सावन के दूसरे सोमवार को बोईसर में कावड़ यात्रियों के लिए सेवा पांडाल लगाकर जलपान व अल्पाहार की व्यवस्था की। संघ के ललित माली ने बताया कि संजान कावड़ यात्रा के दौरान सैकड़ों शिवभक्तों को चाय, बिस्किट, फल व पानी वितरित कर सेवा का पुण्य कमाया गया। कार्यक्रम में संत झारखंड ऋषि म.सा. का आशीर्वाद मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष भरत राजपूत, सत्यप्रकाश सिंह, चंदन सिंह सहित कई नेता, संत व उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कई स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही।



## शिवगंज बालिका विद्यालय में NSS स्वयंसेविकाओं ने किया वृक्षारोपण

किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज।** हरियाळो राजस्थान अभियान के तहत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने सोमवार को पौधरोपण किया। प्राचार्य हनवंत सिंह महेचा के निर्देशन में प्रभारी निधि सिंह डाबी व गिरधारी लाल वैष्णव के सहयोग से विद्यालय परिसर में 55 पौधे लगाए गए। प्राचार्य ने प्रत्येक स्वयंसेविका को 5 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया, जिसे वे अपने घर, खेत या सार्वजनिक स्थानों पर पूरा करेंगी। इस अभियान में दीपा हरवानी, किरण मीना, हेमंत कुमार व राजूराम बाज्या ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।



## त्रिवेणी से रवाना हुई कावड़ यात्रा,आकोला में हुआ स्वागत

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** त्रिवेणी धाम से हरणीमहादेव के लिए निकली शिव मित्र मंडल की कावड़ यात्रा का आकोला मार्ग में भव्य स्वागत किया गया। कावड़ यात्रा की शुरुआत सुबह त्रिवेणी धाम में मांहा आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुई। इसके बाद "जय शिव भोले", "हर हर महादेव" के जयघोषों के साथ यात्रा रवाना हुई। कावड़ यात्रा में दुर्गेश सिंह, बबलू गाडरी, सचिन जाट, विनोद गाडरी, शंकर जाट और गोपाल गाडरी सहित कुल 20 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा के दौरान बरूंदनी गांव में भक्तों का दुपट्टा व माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस स्वागत में भेरूलाल गाडरी, शिवप्रकाश भट्ट, भूपेंद्र गट्ठाणी, शंकर खटीक, शैतान मीणा, बाबूलाल प्रजापत, घनश्याम प्रजापत, कालूराम खटीक, लादू टेलर और प्रसादराम हरिजन आदि शामिल रहे।

# भारत में तेज गति से आगे बढ़ता पर्यटन उद्योग




प्रहलाद सबनानी

केंद्र सरकार के साथ साथ हम नागरिकों का भी कुछ कर्तव्य है कि देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हम भी कुछ कार्य करें। जैसे प्रत्येक नागरिक, देश में ही, एक वर्ष में कम से कम दो देशी पर्यटन स्थलों का दौरा अवश्य करे। विदेशों से आ रहे पर्यटकों के आदर सत्कार में कोई कमी न रखें ताकि वे अपने देश में जाकर भारत के सत्कार का गुणगान करे। आज करोड़ों की संख्या में भारतीय, विदेशों में रह रहे हैं। यदि प्रत्येक भारतीय यह प्रण करे की प्रतिवर्ष कम से कम 5 विदेशी पर्यटकों को भारत भ्रमण हेतु प्रेरणा देगा तो एक अनुमान के अनुसार विदेशी पर्यटकों की संख्या को एक वर्ष के अंदर ही दुगना किया जा सकता है।

भारत में पर्यटन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कई वर्षों से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, परंतु इस क्षेत्र में वृद्धि दर कम ही रही है। क्योंकि, भारत में पर्यटन का दायरा केवल ताजमहल, कश्मीर एवं गोवा आदि स्थलों तक ही सीमित रहा है। परंतु, हाल ही के वर्षों में धार्मिक क्षेत्रों यथा, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, उज्जैन, हरिद्वार, उत्तराखंड में चार धाम (केदारधाम, बद्रीधाम, गंगोत्री एवं यमुनोत्री), माता वैष्णोदेवी एवं दक्षिण भारत स्थित विभिन्न मंदिरों सहित, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं सिक्ख धर्म के कई पूजा स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर इन्हें आपस में जोड़कर पर्यटन सर्किट विकसित किए गए हैं। इससे भारत में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है। विभिन्न देशों से भी अब पर्यटक इन नए विकसित किए गए धार्मिक स्थलों पर भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं। योग एवं आयुर्वेद भी हाल ही के समय में विदेशों में काफी लोकप्रिय हो गया है अतः इसकी खोज के लिए विदेशों से कई पर्यटक भारत में धार्मिक पर्यटन करने के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। इससे विदेशी पर्यटन भी देश में तेजी से वृद्धि दर्ज कर रहा है।

हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में 'स्व' का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। जेफरीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं।

विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटीकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ तक प्रतिवर्ष जा सकती है। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है।



धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा। इसके पूर्व में केंद्र सरकार ने भी देश के 12 शहरों को 'हृदय' योजना के अंतर्गत भारत के विरासत शहरों के तौर पर विकसित करने की घोषणा की है। ये शहर हैं, अमृतसर, द्वारका, गया, कामाख्या, कांचीपुरम, केदारनाथ, मथुरा, पुरी, वाराणसी, वेल्लांकनी, अमरावती एवं अजमेर। हृदय योजना के अंतर्गत इन शहरों का सौंद्रयीकरण किया जा रहा है ताकि इन शहरों की पुरानी विरासत को पुनर्विकसित कर पुनर्जीवित किया जा सके। इस हेतु देश में 15 धार्मिक सर्किट भी विकसित किये जा रहे हैं। 'हृदय' योजना को लागू करने के बाद से केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने कई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें से अधिकतर परियोजनाओं पर काम भी प्रारम्भ हो चुका है। इन सभी योजनाओं का चयन सम्बंधित राज्य सरकारों की राय के आधार पर किया गया है।

केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा पर्यटन की गति को तेज करने के उद्देश्य से किए जा रहे उक्तवर्णित उपायों के चलते अब भारतीय पर्यटन उद्योग तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय पर्यटन उद्योग ने वर्ष 2024 में 2,247 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आकार ले लिया है। वर्ष 2033 तक इसके 3,812 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंचने की सम्भावना है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2034 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन उद्योग का योगदान बढ़कर 43.25 लाख करोड़ रुपए का हो जाने वाला है। भारत के हवाईअड्डों पर भारी भीड़ अब आम बात हो गई है एवं हेरिटेज स्थलों पर विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ दिखाई देने लगी है। देश के नागरिक एवं अन्य देशों के पर्यटक भारत में पर्यटन के लिए घरों से बाहर निकलने लगे हैं। भारत में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है एवं आम भारतीयों की डिसपोजेबले आय में भी वृद्धि दर्ज हुई है। अतः भारतीय नागरिक, विदेशी स्थलों पर पर्यटन के लिए जाने के स्थान पर अब भारत में ही विभिन्न स्थलों पर पर्यटन करने लगे हैं। इस बीच देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार भी किया गया है। होटल उद्योग ने भारी मात्रा में होटलों का निर्माण कर पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध कमरों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। रेल एवं हवाई यात्रा को बहुत सुगम बनाया गया है तथा 4 लेन से लेकर 8 लेन की सड़कों का निर्माण किया गया है, जिससे पर्यटकों के लिए यातायात की सुविधाओं में बहुत सुधार हुआ है। इससे कुल मिलाकर अब भारतीय परिवार अपने घर से बाहर भी घर जैसा वातावरण एवं आराम महसूस करने लगे है। अतः अब भारतीय परिवार वर्ष में कम से कम एक बार तो पर्यटन के लिए अपने घर से बाहर निकलने लगे हैं।

वर्ष 2023 में भारत में अंतरराष्ट्रीय हवाई उड़ानों में 124 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है और 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए हैं, जो अपने आप में एक रिकार्ड है। विदेशी पर्यटन से विदेशी मुद्रा की आय 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 1.71 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गई है। गोवा, केरल, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, पश्चिमी बंगाल एवं पंजाब में देशी पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। अब तो उत्तर प्रदेश भी विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। वर्ष 2022 में 31.7 करोड़ भारतीय पर्यटक उत्तर प्रदेश पहुंचे हैं। वर्ष 2023 में तमिलनाडु में 10 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक पहुंचे हैं। वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित किए गए महाकुम्भ मेले के अवसर पर लगभग 66 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी के पावन तट पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचे हैं, जो अपने आप में विश्व रिकार्ड है।

भारत में यात्रा एवं पर्यटन उद्योग 8 करोड़ व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है एवं देश के कुल रोजगार में पर्यटन उद्योग की 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भारत में प्राचीन समय से धार्मिक स्थलों की यात्रा, पर्यटन उद्योग में, एक विशेष स्थान रखती है। एक अनुमान के अनुसार, देश के पर्यटन में धार्मिक यात्राओं की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत के बीच रहती है। देश के पर्यटन उद्योग में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। देश में पर्यटन उद्योग में 87 प्रतिशत हिस्सा देशी पर्यटन का है जबकि शेष 13 प्रतिशत हिस्सा विदेशी पर्यटन का है। अतः भारत में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों को विकसित करने हेतु प्रयास कर रही हैं। पर्यटन उद्योग में कई प्रकार की आर्थिक गतिविधियों का समावेश रहता है। यथा, अतिथि सत्कार, परिवहन, यात्रा इंतजाम, होटल आदि। इस क्षेत्र में व्यापारियों, शिल्पकारों, दस्तकारों, संगीतकारों, कलाकारों, होटेल, वेटर, कूली, परिवहन एवं टूर आपरेटर आदि को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं।

केंद्र सरकार के साथ साथ हम नागरिकों का भी कुछ कर्तव्य है कि देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हम भी कुछ कार्य करें। जैसे प्रत्येक नागरिक, देश में ही, एक वर्ष में कम से कम दो देशी पर्यटन स्थलों का दौरा अवश्य करे। विदेशों से आ रहे पर्यटकों के आदर सत्कार में कोई कमी न रखें ताकि वे अपने देश में जाकर भारत के सत्कार का गुणगान करे। आज करोड़ों की संख्या में भारतीय, विदेशों में रह रहे हैं। यदि प्रत्येक भारतीय यह प्रण करे की प्रतिवर्ष कम से कम 5 विदेशी पर्यटकों को भारत भ्रमण हेतु प्रेरणा देगा तो एक अनुमान के अनुसार विदेशी पर्यटकों की संख्या को एक वर्ष के अंदर ही दुगना किया जा सकता है।

(सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### टीआरएफ पाबंदी के बाद...

अमरीका के विदेश मंत्रालय ने बीती 2 जुलाई की आंतरिक बैठक में तय कर लिया था कि 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन घोषित करना है। उसके आतंकियों को 'वैश्विक आतंकवादी' घोषित करना है तथा टीआरएफ पर चौतरफा पाबंदियां चस्पां करनी हैं। यह बुनियादी फैसला भारत सरकार के साथ साझा किया गया था। अंततः इस निर्णय की घोषणा 17 जुलाई को की गई। पहलगाम नरसंहार के तीन महीने बाद अमरीका ने यह निर्णय लिया है तथा उस आतंकी हमले की घोर निंदा भी की है। बहरहाल अमरीका ने साबित कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है और उसका सहयोगी है। अमरीका कई संदर्भों में दोगला हो सकता है, झूठ भी परोस सकता है, उसकी कूटनीति हो सकती है, लेकिन बुनियादी तौर पर वह भारत-विरोधी नहीं है। भारत उसका रणनीतिक साझेदार है, इस सच को नकार नहीं सकते।


टीआरएफ पाकिस्तान में सक्रिय 'लश्कर-ए-तैयबा' का मुखौटा संगठन है। चूंकि लश्कर पर भी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाए गए थे, लिहाजा उसके कारण फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) की ग्रे लिस्ट में पाकिस्तान को डाला गया था। तब नए नाम से यह आतंकी संगठन बनाया गया। अब लश्कर, जैश-ए-मुहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन, हरकत-उल-मुजाहिदीन, जमात-उद-दावा, मिली मुस्लिम लीग, तहरीक-ए-तालिबान और अल बद्र आदि आतंकी संगठनों की जमात में टीआरएफ भी आ गया है। अमरीका पाकिस्तान के ऐसे 13 आतंकी संगठनों पर पाबंदी चस्पां कर चुका है। हाफिज सईद, मसूद अजहर, सैयद सलाहुद्दीन आदि आतंकियों की तरह टीआरएफ के आतंकियों पर भी पाबंदियां थोप दी गई हैं। टीआरएफ ऐसा संगठन रहा है, जिसके आतंकियों ने 5 अगस्त, 2019, संसद में अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने वाले दिन, के बाद जम्मू-कश्मीर में करीब 95 फीसदी लक्षित हत्याएं की हैं। शुरू में समझा गया था कि यह सोशल मीडिया पर सक्रिय कोई संगठन है, लेकिन सेना-सुरक्षा बलों ने जिन आतंकियों को मुठभेड़ में ढेर किया अथवा पूछताछ के दौरान जो खुलासे सामने आए, उनसे साबित होता गया कि यह लश्कर का मुखौटा संगठन है और उसी की शैली पर हमले करता है।

## चिंतन-मनन

### दोनों प्रकार का धन एक साथ नहीं मिल सकता

संसार में दो प्रकार का धन होता है भौतिक धन और दूसरा आध्यात्मिक धन। मनुष्य का स्वभाव है कि वह ज्यादा से ज्यादा धन कमाने की चाहत रखता है। कोई व्यक्ति सोना, चांदी, रुपए पैसे का अंबार लगाकर धनवान कहलाता है तो कोई भूखा, प्यासा रहकर भी धनवान कहलता है। वास्तव में धनवान दोनों हैं। एक भौतिक धन का धनी है तो दूसरा अध्यात्मिक धन का धनी है। शाश्त्र और पुराण कहते हैं कि दोनों धनों में से अध्यात्म रूपी धन ज्यादा श्रेष्ठ है क्योंकि इसे कोई छीन नहीं सकता। इसे कोई चुरा भी नहीं सकता है। जिसके पास अध्यात्म रूपी धन होता है वह निश्चिंत होता है। उसे किसी प्रकार की चिंता और भय नहीं रहता है। संसार में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जो एक साथ इन दोनों धनों का सुख प्राप्त कर सके। अध्यात्म और भौतिक धन दोनों दो नाव के समान हैं। आप जानते हैं कि दो नाव की सवारी एक साथ नहीं की जा सकती, अगर ऐसा करेंगे तो डूबना तय है। मर्जी हमारी है कि हम अध्यात्मिक धन अर्जित करके ईश्वर का ऋण चुका दें और जीवन-मरण के चप्र को पार करके दु?ख से मुक्ति प्राप्त कर लें। दूसरा रास्ता यह है भौतिक धन अर्जित करके सांसारिक सुख का आनंद लें और बार-बार जीवन-मरण के चप्र में उलझकर पाप का फल प्राप्त करें। भागवत कहता है कि ईश्वर जिसे प्यार करता है उससे उसका सब कुछ छीन लेता है। सब कुछ छीन लेने का अर्थ है सांसारिक सुख छीन लेना। कबीर दास, तुलसीदास, रहीम, मीराबाई, सूरदास, करमैती बाई इसके उदाहरण हैं। ईसा मसीह ने भी कहा है कि सूई के छिद्र से ऊंट भले ही पार कर जाए लेकिन एक अमीर आदमी स्वर्ग प्राप्त नहीं कर सकता। स्वर्ग नहीं मिलने का अर्थ है, ईश्वर की कृपा प्राप्त नहीं होना।...

# भारत माता एक बार फिर विवादों के घेरे में



राम पुनियानी


सन् 2016 में आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा था कि अब समय आ गया है जब हमें हमारी नई पीढ़ी को हर महत्वपूर्ण मौके पर भारत माता की जय का नारा लगाना सिखाना होगा। इस पर असादुद्दीन ओवैसी ने कहा था कि अगर कोई उनकी गर्दन पर चाकू भी अड़ा दे तब भी वे भारत माता की जय नहीं कहेंगे। हाल (जून 2025) में केरल में इस मुद्दे पर फिर एक विवाद खड़ा हो गया। केरल के राज्यपाल राजेन्द्र अर्लेकर ने स्काउट विद्यार्थियों के लिए राजभवन में एक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम केरल सरकार के शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मंच की पृष्ठभूमि में भारत माता का चित्र लगा था। वह वही चित्र था जिसे आरएसएस प्रचारित करता आया है और जिसमें भारत माता भगवा वस्त्र हाथ में लिए एक हिन्दू देवी जैसी दिखती हैं।

केरल सरकार के शिक्षा मंत्री ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। पुरस्कार विजेताओं को बधाई देने के बाद वे कार्यक्रम स्थल से चले गए। राज्यपाल ने इसका बुरा माना परंतु केरल के मुख्यमंत्री पिनयारी विजयन का तर्क था कि दरअसल राज्यपाल ने संविधान-विरोधी हरकत की थी क्योंकि भारत माता देश के संविधान का हिस्सा नहीं हैं। शिक्षा मंत्री शिवन कुट्टी, जिन्होंने कार्यक्रम का बहिष्कार किया, ने ठीक ही कहा कि, 'यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि भारतीय राष्ट्रवाद किसी एक सांस्कृतिक छवि पर आधारित न होकर हमारे संविधान में निहित समावेशिता और प्रजातंत्र के मूल्यों पर आधारित हो। राज्यपाल को यह साफ करना चाहिए कि संघ परिवार की भारत माता देश की वर्तमान सीमाओं को स्वीकार करती हैं या नहीं। भारत एक एकसार राष्ट्र नहीं है जिसे किसी एक प्रतीक या छवि के आसपास निर्मित किया गया हो। हमारे गणतंत्र का जन्म इसलिए हुआ क्योंकि हमने सोच-समझकर यह निर्णय लिया कि हम एक बहुवादी, धर्मनिरपेक्ष देश का निर्माण करेंगे जिसका ढांचा संघीय होगा। भगवा झंडा हाथों में थामे एक महिला के चित्र को यदि देशभक्ति का एकमात्र प्रतीक बताया जाएगा तो यह हमारे इतिहास से मुंह मोड़ना होगा। देशभक्ति को किसी एक सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य से देखना ना केवल अत्री-साधारीकरण है वरन हमारे स्वाधीनता संग्राम की समृद्ध विरासत को कमजोर करने वाला भी है।' राजभवन में आरएसएस से जुड़े चित्रों के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए पिनयारी विजयन ने कहा कि राज्यपाल के कार्यालय का उपयोग आरएसएस के वैचारिक एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

किसी मानवीय आकृति को देश के प्रतीक का दर्जा देने की अवधारणा सबसे पहले 19वीं सदी के मध्य में अजीमुल्लाह खान ने प्रस्तुत की थी जो नानासाहेब पेशवा के निकट सहयोगी थे। वे नानासाहेब की पेंशन से जुड़ी किसी समस्या को सुलझाने के लिए इंग्लैंड गए थे। वहां उन्होंने देखा कि अंग्रेज भारतीयों से बेइंतेहा नफरत करते हैं। देश और उसके नागरिकों के आत्मसम्मान की खातिर उन्होंने एक नारा गढ़ा 'मादरे वतन भारत की जय'। इस नारे का इस्तेमाल काफी लंबे समय तक हुआ। बाद में अवीन्द्रनाथ चटर्जी ने एक स्त्री के चित्र को भारत माता के रूप में प्रस्तुत किया। मगर यह स्त्री किसी धर्म विशेष की प्रतीत नहीं होती थी।

स्वाधीनता संग्राम से लोगों को जोड़ने के लिए अनेक नारों का इस्तेमाल किया गया। जवाहरलाल नेहरू ने भारत माता के स्वरूप का बहुत सुंदर विवरण प्रस्तुत किया। पंडित नेहरू की पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' पर आधारित टीवी सीरियल 'भारत एक खोज', जिसे श्याम बेनेगल ने निर्देशित किया था, के एक एपीसोड में इस विषय पर चर्चा है। नेहरू एक गांव में आमसभा को संबोधित कर रहे हैं। श्रोता भारत माता की जय का नारा लगाते हैं। ...

# संसद में हंगामा मतलब समय और संसाधनों की बबार्दी



डॉ. आशीष वशिष्ठ

संसद के मानसून सत्र की शुरूआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरूआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? लेकिन राहुल गांधी द्वारा अनाप-शनाप तरीके से ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना किसी के भी गले नहीं उतर रही है।

वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है।

ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट के आड़ में संसद को समय बर्बाद कर रहा है। विपक्ष अपने आलोचना धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान–सम्मान पर बेजा टीका–टिप्णियां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष–विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते करते देश के मान सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। और देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए।

मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिये करता है।

2023 के बजट सत्र में अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग की एक और रिपोर्ट सामने आई थी। तब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के समय को लेकर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा था कि, पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले विदेश से एक रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। इसको आधार बनाकर विपक्ष संसद में हंगामा खड़ा करता है। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया था। अब हिंडनबर्ग के बारे में एक भी शब्द राहुल गांधी या विपक्ष का कोई नेता बोलता सुनाई नहीं देता।

विपक्ष की राजनीतिक सोच और विचार का समर्थन करने वाला एक तथाकथित तबका देश में मौजूद है। ये लोग भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के विरोध के लिए ह्यसे नो टू वॉरह्ल कह रहे थे वही लोग आज सीजफायर की खिल्ली उड़ा रहे हैं। अब यही लोग कह रहे हैं कि सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे झुक गई। यह लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इरादे और जज्बे से कर रहे हैं। इनका मूल उद्देश्य यही है कि किसी भी तरह यह साबित कर सकें कि सीजफायर को स्वीकार करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक कमजोर पीएम साबित किया जा सके। इस तरह की दोहरा रवैया देखकर वास्तव में हंसी आती है कि खुद को बुद्धिजीवी समझने वाले ये लोग आखिर चाहते क्या हैं?

इस साल बजट सत्र में राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी 119 प्रतिशत, जबकि लोकसभा की 118 प्रतिशत रही। विपक्ष ने नई शिक्षा नीति, मणिपुर के हालात और बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल पूछे थे। इस दौरान कुल 16 बिल पास हुए। जट सत्र के आंकड़े भले थोड़े अच्छे दिख रहे हों, पर आमतौर पर संसद से हंगामे की तस्वीरें ही ज्यादा आती हैं। लेकिन बजट सत्र के विपरीत शीतकालीन सत्र में संसद के बहुमूल्य समय और संसाधन नष्ट हुए।

18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57.87 प्रतिशत, राज्यसभा में 41 प्रतिशत रही। संविधान पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 16 घंटे जबकि राज्यसभा में 17 घंटे बहस हुई। वहीं, लेजिस्लेटिव थिंक टैंक पीआरएस इंडिया के अनुसार 20 दिनों की कार्यवाही में से लोकसभा में 12 दिन प्रश्न काल 10 मिनट से ज्यादा नहीं चल सका। शीत सत्र उदाहरण है, जब लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हो गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप लगातार दोहरा रहे हैं कि उन्होंने दोनों पड़ोसियों में शांति कराई। अब तो उन्होंने यह भी दावा कर दिया है कि संघर्ष में कुछ जेट गिरे थे। सरकार पर स्थिति स्पष्ट करने का दबाव होगा। इसी तरह, चुनाव आयोग का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी सर केवल वोटिंग लिस्ट की समीक्षा तक सीमित नहीं रह गया है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी सर की टाइमिंग को सही नहीं माना है, तो सरकार को कुछ कठिन प्रश्नों का सामना करना पड़ सकता है। संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बबार्दी है। उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे प्रतिनिधि संसद के चालू सत्र में हंगामा करके राजनीति चमकाने और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की बजाय संसद के बहुमूल्य समय और संसाधनों का सकारात्मक और सार्थक उपयोग करेंगे।



गाजियाबाद : सावन के पवित्र माह के दौरान कांवड़ियों की राह में पुष्प वर्षा करते पुलिस और नगर निगम के कर्मचारी।

### बीकानेर में कारों की भिड़ंत में 5 की मौत

# एक गाड़ी काटकर निकाली बॉडी, सड़क पर भी बिखरे शव

किस्मत भीलवाड़ा





**बीकानेर** बीकानेर में कारों की भिड़ंत में 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 5 लोग गंभीर घायल है। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ियों में फंसे घायलों को निकालने के लिए गाड़ी को काटना पड़ा है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस डेडबॉडी सड़क पर बिखरी मिलीं। जानकारी के अनुसार एक्सीडेंट में 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं, एक घायल ने बीकानेर ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसा श्रीडूंगरगढ़ के सिखवाल उपवन के पास सोमवार देर रात 11 बजे हुआ। श्रीडूंगरगढ़ शहर के पास हुए एक्सीडेंट में दोनों कार पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। पुलिस के अनुसार भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि एक-दो घायल कांच तोड़ते हुए सड़क पर आ गिरे। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों कार स्विफ्ट डिजायर थीं। कारों में फंसी डेडबॉडी निकालने के लिए गाड़ियों को काटना पड़ा। एक शव इतनी बुरी तरह फंसा था कि उसे बाहर निकालने में करीब एक घंटे का समय लग गया।

**सड़क पर बिखर गए शव**

हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों को एक-दो बॉडी सड़क पर मिली। कुछ घायल भी सड़क पर गिरे मिले। एक्सीडेंट में अभयसिंह पुरा निवासी करण, बिग्गा निवासी दिनेश जाखड़, श्रीडूंगरगढ़ निवासी मदन सारण और नापासर निवासी सुरेन्द्र कुमार और बिग्गा निवासी मनोज जाखड़ की मौत हो गई। वहीं, नापासर निवासी संतोष कुमार, मल्लूराम, जितेन्द्र, लालचंद गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया।

**चार की मौके पर मौत**

इसमें करण, दिनेश, मदन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मनोज जाखड़ ने अस्पताल जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया। दूसरी गाड़ी में सुरेंद्र नाई की भी मौके पर ही मौत हो गई। ऐसे में एक कार में सवार सभी चार की मौत हो गई। करण, दिनेश, मनोज और मदन सारण एक ही कार में थे। वहीं दूसरी में नापासर के निवासी थे।इसमें सवार संतोष कुमार, सुरेंद्र कुमार नाई, मल्लूराम उर्फ आशीष भार्गव, जितेंद्र ब्राह्मण, लालचंद मोट थे। इसमें सुरेंद्र की मौत हो गई, जबकि शेष सभी घायल है और पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रूस में बस हादसे में 14 लोगों की मौत

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के साखा राज्य में सोमवार तड़के एक बस के खाई में गिर जाने से 14 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:20 बजे डेनिसोव्स्की माइनिंग एंड प्रोसेसिंग प्लांट द्वारा संचालित एक सड़क पर हुई। इस बस में 30 से अधिक लोग सवार थे और यह सड़क से उतर कर नीचे 25 मीटर खाई में गिर गयी। प्रारंभिक जाँच में पता चला है कि दुर्घटना में मारे गए लोगों में बस चालक भी शामिल था।

### स्टालिन को चक्कर आया, अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को सोमवार सुबह सैर के दौरान 'हल्का चक्कर' आ गया जिसके बाद उन्हें यहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री से अस्पताल में मिलने गए राज्य के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने बताया कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। दुरईमुरुगन ने बाद में पत्रकारों को बताया, 'मुख्यमंत्री अब ठीक हैं और वह जल्द ही घर लौट आएंगे।' इस बीच, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी अपने पिता मुख्यमंत्री स्टालिन से मिलने अस्पताल पहुंचे। सुबह की नियमित सैर के दौरान मुख्यमंत्री स्टालिन को हल्का चक्कर आ गया और लक्षणों की जांच के लिए उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आप सदस्य संजीव अरोड़ा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को उच्च सदन को सूचित किया कि आम आदमी पार्टी के संजीव अरोड़ा ने सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है जिसे स्वीकार कर लिया गया है। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन, सोमवार को सभापति ने सदन को अरोड़ा के इस्तीफे के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आप सदस्य अरोड़ा ने एक जुलाई को राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से ही उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।

## ओडिशा : NSUI अध्यक्ष छात्रा से दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (भाषा)।**

कांग्रेस की छात्र शाखा 'नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन आफ इंडिया' (एनएसयूआई) की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष को 19 वर्षीय लड़की से यहां एक होटल में दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना 18 मार्च को हुई थी लेकिन छात्रा द्वारा रविवार को मंचेश्वर पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज कराने के बाद यह प्रकाश में आयी। उन्होंने बताया कि लड़की ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी उदित प्रधान ने उसके पेय पदार्थ में कोई नशीला पदार्थ मिला दिया और उसके बाद होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने एनएसयूआई की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और कहा कि कांग्रेस की छात्र शाखा लैंगिक भेदभाव से जुड़े अन्याय के प्रति बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति रखती है। भुवनेश्वर-कटक पुलिस कमिश्नरेट के अतिरिक्त आयुक्त बिस्वरंजन सेनापति ने कहा, छात्रा द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मंचेश्वर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग की छात्रा ने प्रधान पर यह भी आरोप लगाया कि उसने उसे कथित घटना के बारे में किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। अधिकारी के अनुसार छात्रा ने अपनी शिकायत में कहा, प्रधान के प्रभाव के कारण मैं चुप रही। लेकिन अब जब महिलाओं की शिकायतों पर ध्यान दिया जा रहा है, तो मैंने हिम्मत जुटाकर उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। एक अन्य अधिकारी ने बताया, आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता के तहत दुष्कर्म और आपराधिक धमकी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, प्रधान के समर्थकों ने गिरफ्तारी के विरोध में मंचेश्वर पुलिस थाने के बाहर प्रदर्शन किया। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने सोमवार को उपाध्यक्ष सश्मिता बेहरा की अध्यक्षता में छह सदस्यीय एक तथ्यान्वेशी दल का गठन किया, जो प्रधान के खिलाफ आरोपों की जांच करेगा। पार्टी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह दल जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगा।

■ 19 वर्षीय लड़की से रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है

# रोकी जा सकती थी छात्राओं की आत्महत्या : UGC

## विवि की 'गैरकानूनी' गतिविधि का परिणाम

**नई दिल्ली (एसएनबी)।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा गठित एक तथ्यान्वेषी समिति ने पाया है कि भुवनेश्वर स्थित कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान (केआईआईटी) की अवैध गतिविधियों के कारण दो नेपाली छात्राओं ने आत्महत्या कर ली तथा प्रशासन की कार्रवाई आपराधिक दायित्व के समान है। समिति ने कहा, 'आत्महत्या को टाला जा सकता था।'

यूजीसी ने मई में इस समिति का गठन किया था, जब केआईआईटी की 20 वर्षीय नेपाली छात्रा अपने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटकी हुई मिली थी। इससे पहले संस्थान की एक अन्य नेपाली छात्रा प्रकृति लामसाल ने 16 फरवरी को आत्महत्या कर ली थी। रिपोर्ट कहती है, 'विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) यौन उत्पीड़न के मामलों में कानूनी तौर पर कार्रवाई करने में विफल रही। जांच के प्रोटोकॉल का पालन करने को लेकर कोई पारदर्शिता नहीं थी। लड़की ने इस दुखद घटना से बहुत पहले, प्रशासन से दो बार शिकायत की थी। दोनों ही शिकायतों में, उन्होंने एक अवैध समझौता करने का फैसला किया।' रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्वविद्यालय को पहली शिकायत के बाद लड़के को सज़ा देने का अधिकार था।

हालांकि, उन्होंने लड़की के साथ एक अवैध समझौता कराके लड़के का 'पक्ष' लिया, जिसके कारण लड़की ने आत्महत्या कर ली। इसमें कहा गया है, 'इस आत्महत्या मामले को टाला जा सकता था।' समिति ने कहा कि बुनियादी ढांचे और प्रशासन में गंभीर खामियां, यौन उत्पीड़न की शिकायतों की अनदेखी और नियमों, देश के कानून और देश के अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को प्राथमिकता देना, विश्वविद्यालय की ओर से 'अवैध और गैरकानूनी गतिविधियों' में शामिल हैं। समिति ने कुछ कठोर सिफारिशें की हैं, जिनके आधार पर आयोग विश्वविद्यालय के विस्तार पर रोक लगाने तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। इसने यह भी कहा कि आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के सदस्य और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक कर्मचारी 'कानून के अनुसार आपराधिक दंड के लिए उत्तरदायी हैं।' इस साल 16 फरवरी को 20 वर्षीय नेपाली छात्रा विश्वविद्यालय के छात्रावास के अपने कमरे में मृत मिली थी। इसके बाद, गुस्साए छात्रों ने परिसर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, छात्रा के लिए न्याय की मांग की और आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय ने उत्पीड़न की शिकायतों को नज़रअंदाज़ किया है। तनाव बढने पर, विश्वविद्यालय ने 500 से ज़्यादा नेपाली छात्रों को जबरन विश्वविद्यालय से निकाल दिया।

■ केआईआईटी में दो नेपाली छात्राओं की आत्महत्या का मामला

## हैदराबाद : ईडी ने किया PMLA मामले में चार अभिनेताओं को तलब

**हैदराबाद (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए अभिनेता राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा, लक्ष्मी मांचू को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय ने दग्गुबाती (40) को 23 जुलाई को यहां अपने क्षेत्रीय कार्यालय में पेश होने के लिए कहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रकाश राज (60) को 30 जुलाई को, देवरकोंडा (36) को छह अगस्त को और लक्ष्मी (47) को 13 अगस्त को तलब किया गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कथित तौर पर ''अवैध'' पैसा बनाने में जुटे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप का प्रचार किया था। उन्होंने बताया कि उनके पेश होने पर यह संघीय जांच एजेंसी धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उनके बयान को दर्ज करेगी। ईडी ने इन अभिनेताओं और कई अन्य मशहूर हस्तियों और सोशल मीडिया 'इंफ्लूएंसर' के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए पुलिस की पांच प्राथमिकियों का संज्ञान लिया है। ईडी सूत्रों के अनुसार, इन व्यक्तियों पर 'सेलिब्रिटी या प्रचार शुल्क' की खातिर 'जंगली रमी', 'जीतविन', 'लोटस365' जैसे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स का समर्थन करने का संदेह है।

## जापान के प्रधानमंत्री चुनावी हार के बावजूद पद पर बने रहेंगे

**तोक्यो (एपी)।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाले सत्तारूढ गठबंधन के उच्च सदन का चुनाव हार जाने के बावजूद वह पद पर बने रहेंगे ताकि देश बढती कीमतों और उच्च अमेरिकी शुल्क जैसी चुनौतियों से निपट सके। इशिबा का सत्तारूढ गठबंधन सोमवार को अहम संसदीय चुनाव में 248 सीट वाले ऊपरी सदन में बहुमत हासिल नहीं कर सका। जापान की संसद 'डायट' के उच्च सदन 'हाउस ऑफ काउंसलर्स' की 248 सीट में से 124 के लिए रविवार को मतदान हुआ।

इशिबा की 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' (एलडीपी) और उसके गठबंधन सहयोगी कोमेइतो को बहुमत बनाए रखने के लिए उसके पास पहले से मौजूद 75 सीट के अलावा 50 सीट और जीतनी थीं लेकिन गठबंधन 47 सीट ही जीत सका। यह आंकड़ा बहुमत से तीन सीट और उसकी पहले की सीट से 19 सीट कम है। यह हार इशिबा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए एक और झटका है।

## संसद ने पोत परिवहन क्षेत्र संबंधी वहन-पत्र बिल को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।**

संसद ने सोमवार को पोत परिवहन क्षेत्र से संबंधित 'वहन-पत्र विधेयक 2025' को मंजूरी प्रदान कर दी, जिसमें अंग्रेजों के जमाने के मूल कानून के स्थान पर नया कानून बनाए जाने का प्रावधान है।

राज्यसभा ने सोमवार को चर्चा के बाद ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही मंजूरी दे चुकी है। उच्च सदन में इस विधेयक पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस विपक्ष के सदस्य मौजूद नहीं थे। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सदन से बहिर्गमन किया था। सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में इस मंत्रालय ने पिछले 10-11 साल में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है और देश के प्रमुख पत्तनों को रेल एवं सड़क मार्गों से सुचारू रूप से जोड़ा गया है।

सोनोवाल ने कहा कि इस मंत्रालय की कामयाबी न सिर्फ भारतीय एजेंसी बल्कि विदेशी और निष्पक्ष एजेंसियों के आंकड़ों से भी स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि 'कार्गो हैंडलिंग' का विषय हो या तटीय सामुदायिक विकास का क्षेत्र, उनके मंत्रालय ने उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय अंतरदेशी जलमार्गों के विकास पर भी जोर दे रहा है। मंत्री ने कहा कि 1856 के मूल कानून के स्थान पर नया कानून बनाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने व्यापार और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढाने के लिए इस विधेयक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अंग्रेजों ने अपने हिसाब से मूल कानून बनाया था और उसमें बदलाव कर उसे भारतीय हितों के अनुकूल बनाया गया है। वहन-पत्र एक दस्तावेज होता है जिसमें ढोए जा रहे माल के प्रकार, मात्रा, स्थिति और गंतव्य जैसे विवरण होते हैं।

## रूस ने उच्च स्तरीय बैठक से पूर्व किया कीव पर भीषण हवाई हमला



**कीव (एपी)।** रूस ने यूक्रेन पर भीषण हवाई हमला किया है जो हाल के महीनों के सबसे बड़े हवाई हमलों में एक है। यह हमला ब्रिटेन और जर्मनी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नाटो सहयोगियों द्वारा यूक्रेन को हथियार प्रदान करने की योजना पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करने से कुछ ही घंटे पहले हुई है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हो गए जिनमें एक 12 वर्षीय बच्चा भी शामिल है। सोमवार रात को कीव पर ड्रोन और मिसाइल हमले ने यूक्रेन के लिए विशेष रूप से वायु रक्षा में और अधिक पश्चिमी सैन्य सहायता की आवश्यकता को उजागर किया है। वैसे एक सप्ताह पहले ट्रम्प ने कहा था कि यूक्रेन में कुछ ही दिनों में सहायता पहुंच जाएगी। इस डिजिटल बैठक का नेतृत्व ब्रिटिश रक्षा मंत्री जॉन हीली और उनके जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्तोरियस करेंगे। हीली ने बताया कि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और नाटो नेता मार्क रूट, साथ ही नाटो के यूरोप के सर्वोच्च सहयोगी कमांडर जनरल एलेक्सस ग्रिकविच, इस यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह की बैठक में शामिल होंगे। रूस ने यूक्रेनी शहरों पर अपने लंबी दूरी के हमले तेज कर दिए है। विश्लेषकों का कहना है कि रूसी ड्रोन उत्पादन के बढने के साथ ही ये हमले और भी तेज़ होने की संभावना है। रूस के प्रति अपने रुख में बदलाव लाते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने पिछले हफ्ते मास्को को युद्धविराम पर सहमत होने या कड़े प्रतिबंधों का सामना करने के लिए 50 दिनों की समय-सीमा दी थी।

## नेत्र एवं दन्त रोगियों का हुआ निःशुल्क इलाज

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा** । श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद शिविर आज आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में प्रातः 10 बजे शुभारंभ हुआ जिसमें 32 नेत्र रोगियो का निशुल्क इलाज प्रारंभ किया गयासमिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन द्वारा आज नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच की गई , जांच के दौरान आंखों में दवाई डालकर ऑपरेशन योग्य रोगियों को चयनित किया चयनित नेत्र रोगियों के 21 जुलाई को ऑपरेशन किए जाएंगे इसके साथ ही डॉ रोहित बसेर एवं डॉ खुशबू बसेर द्वारा 20 दंत रोगियों को अपनी निशुल्क सेवाए दी। इसअवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी ,बनवारी लाल मुरारका, जय कृष्ण मित्तल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल,अरुण जागेटिया ,गणपत जागेटिया, सुभाष गर्ग, राम नारायण सोमानी, सत्यनारायण नुवाल,चंद्रकांता नुवाल ,छीतरमल लढ्ढा घनश्याम डाड,लादू लाल माली ने सेवाएं दी, ।

## मध्य प्रदेश : भगवान गणेश की 'आपत्तिजनक' प्रतिमाओं पर विवाद

**इंदौर (भाषा)।**

इंदौर में आगामी गणेशोत्सव से पहले भगवान गणेश की 'आपत्तिजनक' प्रतिमाओं का निर्माण कार्य शुरू कर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में तीन मूर्तिकारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि शहर के बंगाली चौराहे के पास भगवान गणेश की प्रतिमाएं बनाने वाले तीन मूर्तिकारों-चंद्रनाथ पाल, रतनलाल पाल और राजू पाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 (धार्मिक भावनाओं को जान-बूझकर ठेस पहुंचाना) और अन्य संबद्ध प्रावधानों के तहत खजराना पुलिस थाने में रविवार शाम प्राथमिकी दर्ज की गई। यह प्राथमिकी बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन के बाद दर्ज की गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिह ने संवाददाताओं को बताया, हमें शिकायत मिली थी कि कुछ ग्राहकों के ऑर्डर के आधार पर खजराना क्षेत्र में भगवान गणेश की आपत्तिजनक प्रतिमाएं बनाई जा रही है। शिकायत पर तत्परता से कदम उठाकर हमने तीन मूर्तिकारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने बताया, हम शहर में देवी-देवताओं की प्रतिमाएं बनाने वाले सभी कलाकारों के साथ बैठक करने जा रहे है ताकि आइंदा वे धार्मिक परंपराओं के अनुसार ही मूर्तियां बनाएं। इस बीच, सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए है जिनमें आरोपियों के मुंह पर कालिख पुती नजर आ रही है और पुलिस के एक दफ्तर के बाहर कुछ लोग भगवान गणेश की आपत्तिजनक मूर्तियों को लेकर उनसे पूछताछ करते नजर आ रहे है। बजरंग दल के जिला संयोजक लकी रघुवंशी ने दावा किया कि हिंदू समुदाय के कुछ लोगों ने तीनों मूर्तिकारों का मुंह काला करके आपत्तिजनक प्रतिमाओं के खिलाफ अपना विरोध जताया।

उन्होंने कहा, तीनों मूर्तिकार भगवान गणेश की पहले से तैयार तस्वीरों की नकल करते हुए उनकी आपत्तिजनक प्रतिमाएं बना रहे थे। इनमें से एक तस्वीर में भगवान गणेश किसी मॉडल की तरह मंच पर 'कैटवॉक' करते नजर आ रहे है, जबकि दूसरी तस्वीर में उन्हें एक महिला को गोद में उठाते देखा जा सकता है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) अमित सिंह ने बताया कि विवादित घटनाक्रम से जुड़े तीनों आरोपी मूलतः पश्चिम बंगाल के रहने वाले है और आजीविका के लिए परंपरागत तौर पर मूर्तियां बनाने का काम करते है। उन्होंने कहा, आरोपियों ने संभवतः (कलात्मक) नवाचार के चक्कर में धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने का काम किया है।

■ तीन मूर्तिकारों पर मामला दर्ज

## ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए मेटा व गूगल के अधिकारी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।**

प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों मेटा और गूगल के अधिकारी सोमवार को निर्धारित समय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए और अब उन्हें 'अवैध' ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ मंचों के प्रचार से जुड़े धन शोधन के एक मामले में 28 जुलाई को पेश होने के लिए नया समन जारी किया गया है।

समझा जाता है कि दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 21 जुलाई को पेश होने के लिए जारी समन को स्थगित करने का आग्रह किया था और कहा था कि संघीय जांच एजेंसी के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित होने से पहले उन्हें प्रासंगिक जानकारी और दस्तावेज एकत्र करने के लिए समय चाहिए। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों को एक सप्ताह का समय और दिया गया है तथा 28 जुलाई को पेश होने को कहा गया है।

जब वे पेश होंगे तो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। दोनों कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। एजेंसी कई ऑनलाइन मंचों की जांच कर रही है, जहां अवैध सट्टेबाज़ी और जुए से जुड़े लिंक डाले गए थे। इनमें सोशल मीडिया मंच और ऐप स्टोर पर इन अवैध साइटों के विज्ञापन दिखाए जाने के मामले भी शामिल हैं। समझा जाता है कि ईडी ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र की इन दिग्गज कंपनियों को यह समझने के लिए बुलाया है कि ऐसे अवैध मंच उनके सोशल मीडिया और संचार लिंक पर विज्ञापन कैसे दे सकते है।

■ ऑनलाइन सट्टाबाजी समन मामला

■ 28 जुलाई को फिर बुलाया गया

## संक्षिप्त खबरें

### दुरैस्वामी ने पदभार संभाला



मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम के नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर दुरैस्वामी ने अपना पदभार संभाल लिया है। वित्त मंत्रालय द्वारा 14 जुलाई को जारी अधिसूचना के जरिये इस महतवपूर्ण पद पर दुरैस्वामी की नियुक्ति का ऐलान किया गया था। दुरैस्वामी की ख्याति बेहद अनुभवी एवं योग्य अधिकारी के रूप में है।

### बीएमडब्ल्यू की नई कार

नई दिल्ली। भारतीय बाजारों में न्यू बीएमडब्ल्यू-2 सीरीज ग्रैन कूपे लांच हो गई है। ग्राहक इसे देशभर के सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप्स पर बुक कर सकते हैं, और इसकी डिलीवरी शुरू हो गई है। कंपनी के प्रेसीडेंट एवं सीईओ विक्रम पावाह ने कहा, 'इसके एक्सटीरियर और इंटीरियर में दी गई लग्ज़री फिनिश और एटीट्यूड इसे बेहद स्टाइलिश बनाते हैं। कार की एक्स-शोरूम कीमत 46,90,000 रुपये से लेकर 48,90,000 रूपये के बीच है। कंपनी सर्विस पैकेज भी दे रही है। सर्विस प्लान की शुरुआत 3 साल/40,000 रुपये, से होती है, जिसे 10साल/2,00,000 रुपये तक बढ़ाया जा सकता है।

### MCTE का रणनीतिक करार

नई दिल्ली। मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई), महू और देश के प्रमुख बहुविषयक संस्थानों में से एक, अमृता विश्व विद्यापीठम के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। अमृता विश्वविद्यालय साइबर सुरक्षा और इससे जुड़े क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। यह समझौता ज्ञापन त्रि-सेनाओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण, उन्नत अनुसंधान और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रणनीतिक सहयोग को स्थापित करता है। मेजर जनरल गौतम महाजन, सेना पदक, उप कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, मिलिट्री कॉलेज ने कहा, "यह समझौता केवल एक औपचारिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह दो संस्थानों के विचारों और उद्देश्यों का संगम है।

### अमेजन की रिकार्ड बिक्री

नई दिल्ली। अमेजन इंडिया का प्राइम डे 2025 इवेंट अब तक का सबसे ज्यादा खरीदारी वाला प्राइम डे इवेंट बन गया है। इस साल प्राइम डे पर अधिक सदस्यों ने पिछले किसी भी प्राइम डे इवेंट की तुलना में अधिक खरीदारी की। यह अमेजन की एक बड़ी उपलब्धि है। इस साल का प्राइम डे इवेंट पिछले प्राइम डे इवेंट से बड़ा था, जिसमें रिकॉर्ड बिक्री और तीन दिनों में अधिक आइटम बिके। विशेष रूप से इवेंट से पहले 70प्रतिशत नए प्राइम साइनअप टियर 2 और 3 शहरों और कस्बों से आए। कंपनी के हेड ऑफ अमेजन प्राइम अक्षय साही ने इस उपलब्धि का श्रेय ग्राहकों को दिया है।

### कालीन क्षेत्र में उतरी एस्टरलेन

नई दिल्ली। होम डेकोर और लाइफस्टाइल के क्षेत्र में उभरता नाम एस्टरलेन कालीन निर्माण में प्रवेश करते हुए एक नई प्रोडक्ट कैटेगरी की शुरुआत कर रहा है। जिसमें शिल्पकला, समकालीन डिज़ाइन और किफ़ायती मूल्य का अनूठा संयोजन देखने को मिलेगा। यह रणनीतिक विस्तार ब्रांड की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं के लिए 'सुलभ लक्ज़री' को फिर से परिभाषित करना चाहता है। इस अवसर पर एस्टरलेन की चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, खुशबू सिंघानिया ने कहा, यह नई श्रेणी हमारे ब्रांड यात्रा में एक मील का पत्थर है।

### काठमांडो में नया होटल

नई दिल्ली। सरोवर होटल्स समूह ने काठमांडो में रॉयल ट्यूलिप होटल खोलने का ऐलान किया है। यह होटल नेपाल का पहला रॉयल ट्यूलिप श्रेणी का होटल है। द मैसिफ होटल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित होटल में 5-स्टार लग्ज़री हॉस्पिटेलिटी सुविधा है। सरोवर होटल्स के अध्यक्ष और लूवर होटल्स इंडिया के निदेशक, अजय के. बकाया ने कहा कि रॉयल ट्यूलिप काठमांडू दक्षिण एशिया में हमारे ब्रांड के विकास की एक सशक्त अभिव्यक्ति है। द मैसिफ होटल के अध्यक्ष, राजेंद्र शाक्य ने कहा कि हमें रॉयल ट्यूलिप काठमांडू के द्वार खोलते हुए खुशी हो रही है।(एजेंसियां)

# साइबर व सीमा सुरक्षा के लिए एआई को सरकारी समर्थन देने की सलाह

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारत को साइबर सुरक्षा एवं सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) में सरकारी प्रोत्साहन और पर्याप्त निवेश की आवश्यकता है।

'नेक्सजेन एक्जिबिशन्स' की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। यह रिपोर्ट 15 शहरों की 200 से अधिक कंपनियों के एक सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें शामिल 86 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत व दृढ़ता से सहमत थे कि भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एआई में सक्रिय सरकारी समर्थन की आवश्यकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्र के इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और सूचना युद्ध में बढ़ती चुनौतियों से जूझने के बीच एआई, राष्ट्रीय संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए एक परिवर्तनकारी माध्यम के रूप में उभर रहा है। इसमें कहा गया कि उद्योग जगत के अनुमानों के अनुसार, 2024 में भारत में 23 लाख से अधिक साइबर सुरक्षा से जुड़े मामले सामने आए और साइबर हमलों से 1,200 करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ। 'फिशिंग' हमलों के मामले में भी भारत दुनियाभर में अमेरिका और रूस के बाद तीसरे स्थान पर है।



फिशिंग वास्तव में सॉफ्टवेयर नहीं है, लेकिन यह जानकारी प्राप्त करने का एक तरीका है। इसमें मैलवेयर का इस्तेमाल करना शामिल हो सकता है। इसमें अक्सर ऐसे ईमेल शामिल होते हैं जिनमें मैलवेयर से संक्रमित वेबसाइट के लिंक होते हैं। करीब 14 प्रतिशत उत्तरदाता रक्षा क्षेत्र में एआई नवोन्मेषण के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी और प्रोत्साहन का समर्थन करते हैं।

उनका मानना है कि पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) इस क्षेत्र में एआई के बीच की खाई को पाट सकती है और प्रभावी रूप से प्रौद्योगिकी के नैतिक एकीकरण को सुनिश्चित कर सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में एआई का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए हितधारकों और सरकार द्वारा कई नीतिगत अंतराल को दूर करने की आवश्यकता है। रक्षा अनुप्रयोगों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए राष्ट्रीय एआई सुरक्षा ढांचे का अभाव है, जो मजबूत सुरक्षा उपायों को स्थापित करने के लिए आवश्यक है।

नेक्सजेन एक्जिबिशन्स ने बयान में कहा कि दिल्ली 31 जुलाई से एक अगस्त तक 10वें अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो-2025 की मेजबानी करेगी, जो देश की आंतरिक सुरक्षा एवं और पुलिस बल के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित होगा। नेक्सजेन एक्जिबिशन्स के निदेशक आधार बंसल ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो-2025 सुरक्षा एवं प्रौद्योगिकी में अभिनव समाधान को प्रदर्शित करने के लिए सबसे प्रभावशाली मंचों में से एक के रूप में काम करेगा। यह राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एआई में सक्रिय सरकारी समर्थन और सहयोग की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।'

# सुस्त पड़ी बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारत के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जून, 2025 में घटकर 1.7 प्रतिशत रही है। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़ा था।



सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन महीने में बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि मई की तुलना में थोड़ा बेहतर रही है। मई में इन क्षेत्रों का उत्पादन 1.2 प्रतिशत बढ़ा था। पांच प्रमुख उद्योगों कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और बिजली के उत्पादन में जून में गिरावट आई। हालांकि, रिफाइनरी उत्पाद (3.4 प्रतिशत), इस्पात (9.3 प्रतिशत) और सीमेंट (9.2 प्रतिशत) उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून अवधि में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 1.3 प्रतिशत रही है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 6.2 प्रतिशत थी।

कोयला उत्पादन में जून में 6.8 प्रतिशत जबकि कच्चे तेल के उत्पादन में 1.2 प्रतिशत की गिरावट आई। प्राकृतिक गैस तथा उर्वरक उत्पादन में क्रमशः 2.8 प्रतिशत और 1.2 प्रतिशत की गिरावट आई। जून में बिजली उत्पादन में सालाना आधार पर 2.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

### लंदन उड़ान फिर शुरू करने को केंद्र से बात करेंगे गोवा के सीएम

**पणजी (भाषा)।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को कहा कि वह लंदन के गैटविक से राज्य के मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए एयर इंडिया की उड़ान को फिर से शुरू करने के लिए नागर विमानन मंत्रालय से बात करेंगे। यह उड़ान 12 जून को अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना के बाद बंद कर दी गई थी।

# नियत तिथि के बाद बिना जुर्माने के रिटर्न भरने की मिले अनुमति

■ नए आयकर विधेयक की समीक्षा करने वाली समिति ने व्यक्तिगत करदाताओं के लिए दिया यह सुझाव

**नई दिल्ली (भाषा)।**


नए आयकर विधेयक की समीक्षा करने वाली एक संसदीय समिति ने सोमवार को सुझाव दिया कि व्यक्तिगत करदाताओं को बिना किसी जुर्माने के नियत तिथि के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करने व टीडीएस रिफंड का दावा करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

संसदीय समिति ने यह सुझाव भी दिया कि धार्मिक एवं परमार्थ न्यासों को दिए गए गुमनाम दान को कराधान से मुक्त रखा जाए। आयकर विधेयक-2025 की समीक्षा के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में लोकसभा की प्रवर समिति का गठन किया गया था। पांडा ने सोमवार को लोकसभा में यह रिपोर्ट पेश की।

संसदीय समिति ने सुझाव दिया कि गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ), विशेष रूप से धर्मार्थ और परमार्थ उद्देश्यों वाले संगठनों के लिए गुमनाम दान पर कर लगाने के संबंध में अस्पष्टता को दूर किया जाना चाहिए। समिति ने गैर-लाभकारी संस्थाओं (एनपीओ) की 'प्राप्तियों' पर कर लगाने का विरोध किया, क्योंकि यह आयकर अधिनियम के तहत वास्तविक आय कराधान के सिद्धांत का उल्लंघन है। सुझावों में 'आय' शब्द को फिर से लागू करने की सिफारिश की गई है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केवल एनपीओ की शुद्ध आय पर ही कर लगाया जाए।

यह देखते हुए कि पंजीकृत एनपीओ को मिलने वाले

■ गैरलाभकारी संस्थाओं को मिले गुमनाम दान को कर से मुक्त रखने की सिफारिश




'गुमनाम दान के संबंध में महत्वपूर्ण अंतर' है, समिति ने सुझाव दिया कि धार्मिक और परमार्थ न्यास (ट्रस्ट), दोनों को ऐसे दान पर छूट दी जानी चाहिए। समिति ने कहा, 'विधेयक का घोषित मकसद इसके पाठ को सरल बनाना है, लेकिन समिति को लगता है कि धार्मिक एवं परमार्थ ट्रस्ट के संबंध में एक महत्वपूर्ण चूक हुई है, जिसका भारत के एनपीओ क्षेत्र के एक बड़े हिस्से पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।'

आयकर विधेयक, 2025 के खंड 337 में सभी पंजीकृत एनपीओ को मिलने वाले गुप्त दान पर 30 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें केवल धार्मिक उद्देश्यों के लिए स्थापित एनपीओ को ही सीमित छूट दी गई है। यह आयकर अधिनियम, 1961 की वर्तमान धारा 115बीबीसी से बिल्कुल अलग है। मौजूदा कानून में अधिक व्यापक छूट प्रदान की गई है। इसके मुताबिक, अगर कोई ट्रस्ट या संस्था पूरी तरह से धार्मिक और परमार्थ कार्यों के लिए बनाई गई हो, तो गुप्त दान पर कर नहीं लगाया जाता है।

गौरतलब है कि ऐसे संगठन आमतौर पर पारंपरिक माध्यमों (जैसे दान पेटियों) से योगदान प्राप्त करते हैं, जहां दान देने वाले की पहचान करना असंभव है। संसदीय समिति की रिपोर्ट में कहा गया है, "समिति 1961 के अधिनियम की धारा 115बीबीसी में दिए गए स्पष्टीकरण के अनुरूप एक प्रावधान को फिर से लागू करने का पुरजोर आग्रह करती है।' जिन व्यक्तियों को आमतौर पर कर रिटर्न दाखिल करने की जरूरत नहीं होती, उनके टीडीएस रिफंड दावों की वापसी के संबंध में समिति ने सुझाव दिया कि आयकर विधेयक में उस प्रावधान को हटाना चाहिए, जो करदाता के लिए नियत तिथि के भीतर आयकर रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य बनाता है।

# सेंसेक्स में 443 अंकों की बढ़ोतरी

**मुंबई (भाषा)।**

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 443 अंक चढ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। तिमाही वित्तीय नतीजों के बाद एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.61 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,200.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 516.3 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 122.30 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 25,090.70 अंक पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी बाजारों को समर्थन दिया।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 5.38



प्रतिशत की तेजी रही। पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद कंपनी का शेयर मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत चढ़ा। जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15.9 प्रतिशत बढ़कर 13,558 करोड़ रुपये होने की सूचना के बाद बैंक का शेयर चढ़ा है। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.19 प्रतिशत मजबूत हुआ। बैंक का जून, 2025 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,258 करोड़ रुपये रहने के बावजूद इसके शेयर में मजबूती आई। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए।

हालांकि, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 3.29 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि कंपनी को अप्रैल-जून तिमाही में 26,994 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड तिमाही लाभ हुआ है।

### साइबर सुरक्षा शिखर सम्मेलन 30 को बेंगलुरु में

**नई दिल्ली (भाषा)।**

एक्सेल साइबर सुरक्षा शिखर सम्मेलन का दूसरा संस्करण 30 जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। इसमें कृत्रिम मेधा के खतरों से निपटने और भारत को वैश्विक साइबर सुरक्षा नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

शिखर सम्मेलन में अग्रणी मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी, साइबर सुरक्षा संस्थापक, क्लाउड आर्किटेक्ट, नीति निर्माता और निवेशक एक साथ आएंगे। सम्मेलन 2025 प्रारंभिक चरण के सुरक्षा उत्पादों को पेश करने का अवसर देता है। आगामी शिखर सम्मेलन अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) और गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी में आयोजित किया जा रहा है।

# देश से निर्यात को बढ़ावा देने की कवायद तेज हुई

■ केंद्रशासित प्रदेशों व राज्यों ने बनाई नई रणनीति

**नई दिल्ली (भाषा)।**

देश के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी निर्यात रणनीति तैयार की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने यह भी कहा कि सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने राज्य निर्यात संवर्धन समिति (एसईपीसी) और जिला निर्यात संवर्धन समिति का गठन किया है।

■ सभी राज्यों ने किया निर्यात संवर्धन समिति का गठन




इसके अलावा, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के क्षेत्रीय अधिकारियों ने 590 जिलों के लिए जिला कार्ययोजना का मसौदा तैयार किया है। इनमें से 249 जिलों को डीईपीसी ने औपचारिक रूप से अधिसूचित किया है। अधिकारी ने बताया कि इन योजनाओं में जिलों से निर्यात को बढ़ावा देने की एक व्यापक रणनीति शामिल है। केंद्र राज्यों को निर्यात संवर्धन गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है क्योंकि इससे घरेलू विनिर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारी ने कहा, '28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य निर्यात रणनीति तैयार की गई है। इनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक शामिल हैं।' विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में, डीजीएफटी ने 'जिला निर्यात केंद्र' पहल को शामिल किया है। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले की क्षमता और विविधता को दिशा प्रदान करके उन्हें निर्यात केंद्र बनाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, देश के सभी जिलों में निर्यात क्षमता वाले उत्पादों और सेवाओं की पहचान की गई है। निर्यात संवर्धन के लिए सहायता प्रदान करने और निर्यात वृद्धि की बाधाओं को दूर करने के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर एसईपीसी और जिला स्तर पर डीईपीसी के रूप में एक संस्थागत व्यवस्था बनायी गयी है।

उत्पादकों और विनिर्माताओं दोनों के लाभ को पहचाने गए उत्पादों और सेवाओं के लिए जिला निर्यात कार्ययोजनाएं तैयार की जा रही हैं। इसका मकसद निर्यात की चुनौतियों का समाधान, बुनियादी ढांचा बाधाओं, आपूर्ति श्रृंखला अंतर की पहचान, बाजार पहुंच में सुधार और निर्यात बढ़ाने के लिए सहायता प्रदान करना है।

# क्रिप्टो एक्सचेंज की चोरी गई संपत्ति की बरामदगी के लिए इनाम घोषित

**नई दिल्ली (भाषा)।**

हाल ही में करीब 378 करोड़ रुपये की चोरी का शिकार हुए भारतीय क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्स ने चोरी हुई संपत्ति की बरामदगी और अपराधियों की पहचान में मददगार जानकारी के लिए बरामद होने वाली संपत्ति का 25 प्रतिशत तक इनाम देने की सोमवार को घोषणा की।

कॉइनडीसीएक्स ने एक बयान में कहा कि चोरी हुई संपत्ति की बरामदगी के लिए घोषित कार्यक्रम न केवल धन को वापस लाने बल्कि साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई में वेब3 समुदाय को एकजुट करने का आह्वान करता है।

कंपनी ने एथिकल हैकर, व्हाइट-हैट शोधकर्ताओं और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के भागीदारों से इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अनुरोध किया।



क्रिप्टो एक्सचेंज ने कहा कि बरामद होने वाली धनराशि का 25 प्रतिशत तक उन साझेदारों को दिया जाएगा जो घटना में चोरी क्रिप्टो को वापस पाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और हमलावरों की शिनाख्त एवं उन्हें दोषी ठहराने में मदद करेंगे।

कॉइनडीसीएक्स ने बयान में कहा, 'अगर चोरी गई समूची संपत्ति को बरामद कर लिया जाता है तो 1.1 करोड़ डॉलर तक की राशि मददगारों को मिलेगी।' एक्सचेंज की सुरक्षा प्रणालियों ने शनिवार को साझेदार एक्सचेंज पर अपने एक खाते में अनधिकृत पहुंच का पता लगाया, जिसके चलते लगभग 4.4 करोड़ डॉलर यानी करीब 378 करोड़ रुपये का वित्तीय जोखिम पैदा हुआ।

कॉइनडीसीएक्स के सह-संस्थापक सुमित गुप्ता और नीरज खंडेलवाल ने कहा कि कंपनी के सुरक्षित कोष का उपयोग कर इस नुकसान का बोझ पूरी तरह से वहन किया जा रहा है, ताकि किसी भी ग्राहक का धन प्रभावित न हो।

# सारेगामा ने किया एनएवी रिकाड्र्स का अधिग्रहण

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** भारत की अग्रणी म्यूज़िक और एंटरटेनमेंट आईपी कंपनी सारेगामा ने हरियाणवी संगीत की दुनिया में एक बड़ा कदम उठाते हुए एनएवी रिकॉर्ड्स का अधिग्रहण कर लिया है। इस डील के तहत सारेगामा को एनएवी के 6500 से ज़्यादा गानों का कैटलॉग मिलेगा जिसमें हरियाणवी के साथ पंजाबी, ग़ज़ल, भक्ति और इंडी पॉप जैसे लोकप्रिय जॉनर के गाने शामिल हैं। सारेगामा और एनएवी मिलकर हरियाणवी और पंजाबी में नए और ओरिजिनल कंटेंट का निर्माण करेंगे।

इस अधिग्रहण में एनएवी हरियाणवी और नूपुर ऑडियो जैसे लोकप्रिय यूट्यूब चैनल भी शामिल है, जिनके 2.4 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। यह कैटलॉग अनेक सुपरहिट गीतों से समृद्ध है, जिनमें शामिल है- कोका कोला (900 मिलियन से अधिक व्यूज), पार्वती बोली शंकर से (500 मिलियन से अधिक व्यूज), लूट लिया (400 मिलियन से अधिक व्यूज), दबिया नि करदे (140 मिलियन से अधिक व्यूज), गुनहगार (140 मिलियन से अधिक व्यूज) आदि। कंपनी विभिन्न भाषाओं और शैलियों में नए आईपी पर कार्य कर रही है।

### एडीबी ने त्रिपुरा को दिया 975 करोड़ रुपये का ऋण

**अगरतला (भाषा)।**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 975.26 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है।

त्रिपुरा औद्योगिक विकास निगम (टीआईडीसी) के चेयरमैन नबादल बानिक ने कहा कि इस परियोजना के तहत औद्योगिक शेड, बिजली सबस्टेशन, भूमिगत बिजली लाइन, अग्निशमन सेवा स्टेशन और 34 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'एडीबी ने त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों में विकास के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु 975.26 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है।

# सेल ने जोजिला सुरंग के लिए की 31,000 टन इस्पात की आपूर्ति

**नई दिल्ली (भाषा)।**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) ने श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन जोजिला सुरंग परियोजना के लिए 31,000 टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति की है। कंपनी ने सोमवार को बयान में यह जानकारी दी।

यह सुरंग भारत के राष्ट्रीय अवसंरचना विकास खासकर श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे क्षेत्र में नागरिक और सैन्य आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बयान के अनुसार, 'सेल इस रणनीतिक बुनियादी ढांचे की पहल में एक



महत्वपूर्ण भागीदार रही है और इसने टीएमटी रि-बार, स्ट्रक्चरल और प्लेट सहित 31,000 टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति की है।' इसमें कहा गया कि यह परियोजना केवल एक रणनीतिक ढांचागत सुविधा ही नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा आर्थिक अवसर भी है।

सेल की जोजिला सुरंग के लिए इस्पात की आपूर्ति भारत की कई और प्रतिष्ठित ढांचागत परियोजनाओं जैसे चिनाब रेलवे पुल, अटल सुरंग, बांद्रा-वर्ली सी लिंक, ढोला सादिया व बोगीबील पुलों को बनाने में योगदान देने की कंपनी की लंबी विरासत को और मजबूत करती है।

# तीन लोगों के डीएनए से पैदा हुआ बच्चा... ब्रिटेन में उठने लगे सवाल

लंदन (एजेंसी)।मानव सभ्यता को आगे बढ़ाने और बेहतर बनाने के लिए मेडीकल जगत में रोज नए प्रयोग होते रहते हैं। इसी कड़ी में ब्रिटेन ने भी आज से दस साल पहले माइटोकॉन्ड्रियल दान को वैध किया था। इस नियम के बनने के सालों बाद इसके नतीजे सामने आए हैं। इस उच्च स्तरीय तकनीक के जरिए मानवीय डीएनए में आई खराबी को आगे बढ़ने से रोकना सबसे बड़ी चुनौती थी। अब डॉक्टरों ने शोध के नतीजे प्रकाशित किए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस तीन माता-पिता वाले शिशु की तकनीक से अभी तक आठ बच्चे पैदा किए जा चुके हैं, खुशी की बात यह है कि यह आठों ही अभी स्वस्थ हैं। दो शोध पत्रों के मुताबिक सरकार से अनुमति मिलने के बाद इसका प्रयोग 22 महिलाओं के डीएनए के लिए किया गया। यह वह महिलाएं थी जिनका जीन परेशानी खड़ा करने वाला था। यानी इनके जीन को लेकर अगर बच्चा पैदा होता, तब वह गंभीर अनुवांशिक विकार यार जन्मजात विकलांगता के साथ पैदा होता। इन महिलाओं के जीन में लेह सिंड्रोम भी उपस्थित था। इस तकनीक में तीन लोगों के डीएनए का उपयोग करके एक भ्रूण का निर्माण हुआ है। इसमें होने वाले माता पिता के न्यूक्लियर डीएनए को लिया गया और डोनर एक से स्वस्थ माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए को लिया गया। बता दें कि एक बच्चे के माइटोकॉन्ड्रिया के निर्माण के लिए उसकी माता ही जिम्मेदार होती है। इसके बाद अगर माता किसी बीमारी से ग्रसित है, तब बच्चा भी उसी परेशानी के साथ पैदा हो सकता है। ऐसी स्थिति में यहां पर किसी दूसरी महिला के अंड़े से माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए लिया गया। इसके बाद इन तीनों को निषेचित करके भ्रूण का निर्माण किया गया। 2015 में जब ब्रिटेन की संसद से माइटोकॉन्ड्रियल दान के बारे में बहस की जा रही थी। तब इसकी प्रक्रिया और प्रभावशीलता के बारे में कई सवाल उठे थे। हालांकि बाद में संसद से मंजूरी मिल गई थी। हालांकि अब जबकि रिपोर्ट सामने आ गई है, तब इसके बाद भी ब्रिटिश मीडिया में सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर यह तकनीक सफल हो गई थी तो अभी तक इसके बारे में सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं बताया गया, जबकि इसमें बहुत बड़ा वित्तीय निवेश किया गया था।

# चेन पहने खड़े शख्स को एमआरआई मशीन ने खींचा, गंभीर रुप से घायल, इलाज के दौरान मौत

वाशिंगटन (एजेंसी)। न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड स्थित एक मेडिकल सेंटर में एक डरावनी घटना घटी। इस घटना से मेडिकल प्रोटोकॉल पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। 61 साल के एक बुज़ुर्ग शख्स को एमआरआई मशीन ने इतनी जोर से खींच लिया कि वह बुरी तरह घायल हो गया। एक दिन बाद उसकी मौत हो गई। हादसा वेस्टबरी के ओल्ड कंट्री रोड पर स्थित नैसाउ ओपन एमआरआई सेंटर में हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एमआरआई मशीन जब एक स्कैन कर रही थी, तभी वह शख्स कमरे में दाखिल हुआ। गले में उसने धातु की मोटी चेन पहन रखी थी। मशीन में लगे बेहद ताकतवर चुंबक ने उसे अपनी तरफ खींच लिया और वह जोर से मशीन की और खिंच गया। पुलिस ने बताया कि इस टक्कर से उस व्यक्ति की हालत गंभीर हो गई और उसे पास के अस्पताल में फौरन भर्ती कराया गया। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि वह व्यक्ति सेंटर में मरीज था या किसी और वजह से एमआरआई रूम में घुसा। हादसे के बाद सेंटर से 911 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया गया। अब इस मामले की जांच की जा रही है कि ऐसा गंभीर हादसा कैसे हुआ और भविष्य में इससे बचने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर लोग काफी हैरान हैं। एक यूज़र ने लिखा, एमआरआई रूम का दरवाजा तो लॉक होना चाहिए जब मशीन ऑन हो। क्या वह किसी और के स्कैन के दौरान अंदर चला गया? वहीं दूसरे ने पूछा, 'जो मरीज उस वक्त मशीन में था, उसका क्या हुआ?' कई यूजर्स ने इसे 'क्रेजी इंसिडेंट' बताया, और कुछ ने लिखा, मशीन का मैग्नेट तो हमेशा ऑन रहता है, भले ही स्कैनिंग न हो रही हो।

# मलेशिया में छात्र वीजा पर आए पाकिस्तानी युवक... चौराहों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर मांग रहे भीख

## लोगों ने शिकायत की भीख ना मिलने पर लड़ाई झगड़ा करने लगते

क्वालालंपुर(एजेंसी)। मलेशिया में चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पढ़ाई के नाम पर छात्र वीजा लेकर आए 80 विदेशी लड़कों को भीख मांगते हुए पकड़ा गया। मलेशियाई पुलिस ने इन सभी को अलग-अलग स्थानों से छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। दिलचस्प बात ये है कि इन 80 लोगों में से इनमें से 77 युवक पाकिस्तान के हैं, जबकि 3 बांग्लादेशी मूल के हैं। मलेशिया पुलिस को चौराहों और अन्य सार्वजनिक जगहों से शिकायतें मिली थी कि अनेक नौजवान भीख मांगने का काम कर रहे हैं और भीख ना मिलने पर लड़ाई झगड़ा करने लगाते हैं। सूचना के आधार पर मलेशिया पुलिस ने एक साथ अनेक जगहों पर छापेमारी कर इन युवकों को गिरफ्तार किया। इन्होंने छात्र वीजा पर मलेशिया में प्रवेश लिया था लेकिन ये किसी भी कॉलेज में पढ़ते नहीं थे। दिलचस्प है कि पुलिस की जांच पकड़े गए कुछ युवकों ने मलेशिया पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया कि वह यहां पढ़ने के लिए आए हैं और उनके पास बाकायदा स्टूडेंट वीजा भी है। मलेशिया पुलिस ने जब इसतरह के स्टूडेंट वीजा की जांच शुरू की, तब सामने आया कि ये लोग आए स्टूडेंट वीजा पर थे, लेकिन कहीं भी पढ़ाई नहीं कर रहे थे। पढ़ाई की जगह ये लोग भीख मांगने का काम करते थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए 80 लोगों में से 77 लोग पाकिस्तानी मूल के और 3 लोग बांग्लादेशी मूल के हैं। इन सभी को उनके देश वापस भेजने की तैयारी है। आपको याद दिला दें कि इसके पहले भी खाड़ी देशों ने ये बात उजागर की थी कि पाकिस्तान से लोग वहां आकर भीख मांगने का काम करते हैं।

# ट्रंप की धमकी का असर: यूक्रेन से शांति वार्ता करने को तैयार हुए पुतिन



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को 50 दिन का अल्टीमेटम दिया था। रूस ने पहले बयान दिया कि उसे ट्रंप की धमकियों की परवाह नहीं, लेकिन अब वो दबाव में है। रूस ने रविवार को कहा है कि पुतिन यूक्रेन संकट का शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं, लेकिन हम अपने लक्ष्यों से पीछे नहीं हटेंगे। ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि यदि रूस 50 दिनों के भीतर युद्धविराम पर सहमत नहीं होता है, तो अमेरिका और सख्त प्रतिबंध लगाएगा। क्रेमलिन ने कहा कि रूस अपने हितों की रक्षा करना जारी रखेगा और पश्चिमी दबाव में नहीं आएगा। क्रेमलिन प्रवक्ता ने आगे कहा कि दुनिया अब ट्रंप की कभी-कभार कठोर बयानबाजी की अभ्यस्त हो चुकी है, लेकिन यह भी सच है कि ट्रंप ने रूस को लेकर हालिया बयानों में शांति समझौते की संभावनाओं को खुला रखा है। क्रेमलिन ने कहा कि रूस बातचीत से इनकार नहीं कर रहा, लेकिन यूक्रेन और उसके पश्चिमी साझेदारों का आरोप है कि मॉस्को जानबूझकर शांति वार्ताओं में बाधा डाल रहा है। इस बीच, रूस ने यूक्रेनी शहरों पर लंबी दूरी से ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल ही में एक रात में रूस ने जितने ड्रोन छोड़े, वह 2024 के कई महीनों के कुल हमलों से अधिक थे। रूस ने एक बार फिर यूक्रेन युद्ध पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शांति वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन रूस अपने रणनीतिक लक्ष्यों से पीछे नहीं हटेगा। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को कहा, शांति संभव है, लेकिन हमारे लक्ष्य सर्वोपरि हैं। यह बयान ट्रंप द्वारा रूस को 50 दिनों की डेडलाइन दिए जाने के कुछ ही दिन बाद आया है। यूक्रेन पर रूस का हमला फरवरी 2022 में शुरू हुआ था और तब से दोनों देशों के बीच जारी युद्ध में लाखों जानें जा चुकी हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को लगातार सैन्य मदद दिए जाने के बावजूद रूस ने कई इलाकों पर कब्जा बनाए रखा है। अब जब ट्रंप फिर से सख्ती के साथ सामने आए हैं और पुतिन शांति के संकेत दे रहे हैं, ऐसे में वैश्विक कूटनीति एक नए मोड़ पर है।

# विमानन समझौते के उल्लंघन पर अमेरिका ने मेक्सिको की उड़ानों पर लगाया बैन

वॉशिंगटन। अमेरिका ने मेक्सिको पर द्विपक्षीय विमानन समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उसकी उड़ानों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। अमेरिकी परिवहन विभाग ने कहा कि मेक्सिको 2022 से अमेरिका-मेक्सिको एयर ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट का पालन नहीं कर रहा है। विभाग के मुताबिक मेक्सिको सरकार ने अचानक स्लॉट रद्द कर दिए और अमेरिकी मालवाहक विमानों को राजधानी के मुख्य हवाई अड्डे से हटाकर नए हवाई अड्डे पर ले जाने के लिए मजबूर किया। मेक्सिको के तत्कालीन राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रादोर ने इसे 2026 फीफा वर्ल्ड कप की तैयारियों के मद्देनजर जरूरी बताया था। अमेरिकी परिवहन सचिव ने तीन 'अमेरिका फर्स्ट' उपायों की घोषणा की। इसके तहत कहा गया कि सभी मेक्सिकन एयरलाइनों को अमेरिका में अपनी उड़ानों का शेड्यूल परिवहन विभाग को देना होगा। कोई भी बड़ा यात्री या मालवाहक चार्टर विमान अमेरिका से आने-जाने से पहले विभाग की अनुमति लेनी होगी। साथ ही डेल्टा एयरलाइंस और एरोमैक्सिको की साझेदारी से एंटीट्रस्ट छूट वापस ली जा सकती है। डेल्टा और एरोमैक्सिको ने 2016 में साझेदारी की थी और वे इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। कंपनियों ने तर्क दिया है कि सरकार की कार्रवाई की सजा उन्हें नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे दो दर्जन रूट प्रभावित होंगे और करीब 800 मिलियन डॉलर की उपभोक्ता बचत पर असर पड़ेगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि मेक्सिको ने सुधारात्मक कदम नहीं उठाए तो उसकी उड़ानों को मंजूरी देने से इंकार किया जा सकता है। मेक्सिको सालों से अमेरिकी पर्यटकों का शीर्ष अंतरराष्ट्रीय स्थल रहा है। 2024 में वहां 4.5 करोड़ से ज्यादा विदेशी पर्यटक पहुंचे थे।

# बांग्लादेश में बड़ा हादसा: माइलस्टोन कॉलेज पर गिरा वायुसेना का ट्रेनर विमान



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका सोमवार दोपहर एक बड़े विमान हादसे से दहल उठी। बांग्लादेश वायु सेना का एक एफ-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट उत्तरी इलाके में स्थित माइलस्टोन कॉलेज के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा दोपहर लगभग 1:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) दियाबारी क्षेत्र में हुआ, जो भारतीय समयानुसार करीब 1ः00 बजे था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विमान तेज आवाज के साथ कॉलेज कैंपस के समीप गिरा, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में कई लोग घायल हुए हैं और कुछ के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अधिकारिक तौर पर अभी हताहतों की संख्या की पुष्टि नहीं हुई है। हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि बचाव दल मौके पर पहुंच चुका है और राहत कार्य जारी हैं। फिलहाल क्रैश के कारणों की जांच की जा रही है, और अधिकारियों का कहना है कि जल्दी ही दुर्घटना की विस्तृत रिपोर्ट जारी की जाएगी।

### नवोदित पायलट करते हैं इसका इस्तेमाल

वायुसेना के जिस एफ-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट से यह हादसा हुआ, वह नवोदित पायलटों को प्रशिक्षण देने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला विमान है। यह विमान चीनी तकनीक पर आधारित है और लंबे समय से बांग्लादेश वायु सेना के प्रशिक्षण बेड़े में शामिल है। घटना के समय कॉलेज और आसपास के क्षेत्र में काफी हलचल थी, ऐसे में नुकसान की आशंका ज्यादा जताई जा रही है।

# नेतन्याहू पागल हैं वह किसी की नहीं सुनता बस मनमानी कर रहा

## -सीरिया पर हमले से ट्रंप प्रशासन नाराज कहा- ट्रंप की रणनीति कर रहे चौपट

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** इजराइल के सीरिया में लगातार सैन्य हमलों से अमेरिका का ट्रंप प्रशासन नाराज और बेचैन है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों ने नेतन्याहू की सैन्य रणनीति को गैरजिम्मेदार और आक्रामक बताया है। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इजराइी पीएम नेतन्याहू पागलों की तरह बर्ताव कर रहे हैं। वह हर चीज पर बम गिराते हैं। इससे ट्रंप की रणनीति चौपट हो रही है।

रिपोर्ट में छह अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि इजराइल की हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने सीरिया संकट को और जटिल बना दिया है। ट्रंप ने भले ही सार्वजनिक रूप से नेतन्याहू की आलोचना नहीं की हो, लेकिन अंदर ही अंदर असहमति बढ़ती जा रही है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हर दिन कोई नया बवाल हो जाता है। व्हाइट हाउस इस 'डेली ड्रामे' से तंग आ चुका है।

गाजा में एक चर्च पर इजराइली बमबारी के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद नेतन्याहू को फोन कर स्पष्टीकरण मांगा था। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नेतन्याहू की तुलना ऐसे बच्चे से की जो किसी की बात नहीं सुनता और अपनी मनमानी करता है। यह विवाद तब और गहरा गया जब इजराइल ने सीरिया के सुवैदा इलाके में बमबारी की। इजराइल का दावा है कि सीरियाई सेना डिमिलिट्राइज्ड जोन में घुस आई थी और उसने ड्रूज समुदाय पर हमला किया। सीरिया ने इस आरोप को खारिज कर दिया। माना जा रहा है कि नेतन्याहू के इस रवैये से अमेरिका और इजराइल के बीच रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है।



# भारत-बांग्लादेश के लिए मुसीबत, ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने लगा दुनिया का सबसे बड़ा बांध



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर 167.8 अरब डॉलर की लागत से बांध का निर्माण औपचारिक रूप से शुरू कर दिया। सरकारी मीडिया की खबर के अनुसार, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने न्यिंगची शहर में ब्रह्मपुत्र नदी के निचले क्षेत्र, जिसे स्थानीय रूप से यारलुंग जांगबो के नाम से जाना जाता है, में आयोजित समारोह में बांध के निर्माण कार्य के शुरू होने की घोषणा की।

खबर के अनुसार यह समारोह तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्यिंगची मेनलिंग जलविद्युत स्टेशन के बांध स्थल पर आयोजित हुआ। दुनिया की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना मानी जाने वाली इस जलविद्युत परियोजना ने भारत और बांग्लादेश में चिंता पैदा कर दी है।इस परियोजना में पांच जलविद्युत स्टेशन शामिल होंगे। वर्ष 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, जल विद्युत स्टेशन से प्रत्येक वर्ष 300 अरब किलोवाट घंटे से अधिक बिजली उत्पन्न होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग और चीन के विद्युत निर्माण निगम समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने समारोह में हिस्सा लिया।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कुछ दिनों पहले ही कहा था कि राज्य की सीमा के निकट चीन द्वारा बनाया जा रहा विशाल बांध एक 'वॉटर बम' होगा और यह सैन्य खतरे के अलावा, किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज्यादा बड़ा मुद्दा है। खांडू ने इंटरव्यू में कहा था कि यारलुंग सांगपो नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी बांध परियोजना गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि चीन ने अंतरराष्ट्रीय जल संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, जो उसे अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करने के लिए मजबूर कर सकती थी। ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में यारलुंग सांगपो नाम से जाना जाता है। खांडू ने कहा था, मुद्दा यह है कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कोई नहीं जानता कि वे कब क्या करेंगे। उन्होंने कहा, चीन से सैन्य खतरे के अलावा, मुझे लगता है कि यह किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज्यादा बड़ा मुद्दा है। यह हमारी जनजातियों और हमारी आजीविका के लिए अस्तित्व का खतरा पैदा करने वाला है। यह काफी गंभीर मुद्दा है क्योंकि चीन इसका इस्तेमाल एक तरह के 'वॉटर बम' के रूप में भी कर सकता है।

# जापान के पीएम शिगेरू इशिबा सदन में नहीं कर पाई बहुमत हासिल

## – हार के बाद अल्पमत में आने के बाद इस्तीफा देने को तैयार नहीं

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान के पीएम शिगेरू इशिबा की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार 248 सीटों वाले ऊपरी सदन में बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्ट और उसकी जूनियर पार्टनर कोमेटो को बहुमत हासिल करने के लिए 50 अतिरिक्त सीटों की जरूरत थी, जबकि उनके पास पहले से ही 75 सीटें थीं। गठबंधन ने केवल 47 सीटें ही हासिल की, जो बहुमत से कम है। हार के बाद शिगेरू इशिबा का कहना है कि वह इस्तीफा नहीं देंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक दक्षिणपंथी पॉपुलिस्ट पार्टी ने इशिबा की हार हो माता दी है, जिसने उनके नेतृत्व के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। पिछले साल अक्टूबर में जापान के निचले सदन में बहुमत खोने के बाद, इशिबा के गठबंधन को ऊपरी सदन में भी हार का सामना करना पड़ा था। यह 1955 में एलडीपी की स्थापना के बाद पहली बार है, जब उनके पास दोनों सदनों का नियंत्रण नहीं है।

अल्पमत में आने के बावजूद इशिबा ने पद पर बने रहने और अमेरिकी टैरिफ दबाव जैसे मुद्दों को संबोधित करने का वादा किया। हालांकि अब उन्हें या तो इस्तीफा देने या नए गठबंधन साथी की तलाश करने के लिए आंतरिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। बता दें रविवार को मतदान खत्म होने के बाद परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए इशिबा ने कहा था कि उन्होंने इस मुश्किल नतीजे को स्वीकार किया है। हालांकि उन्होंने इस्तीफा देने के बारे में कुछ न कहते हुए अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता के बारे में बताना शुरू कर दिया। इसके साथ ही वे जापान के राष्ट्रीय हित सुरक्षित करने की बात कहते नजर आए हैं।

लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी कोमेटो ने रविवार को हुए चुनाव में 125 में से केवल 47 सीटें जीतीं, जो बहुमत के लिए जरुरी 50 सीटों से कम हैं। मतदाताओं ने बढ़ती कीमतों और अमेरिकी टैरिफ के खतरे पर नाराजगी जताई और दक्षिणपंथी पार्टियों की ओर रुख किया। दूर-दक्षिणपंथी सैंसेइतो पार्टी ने 14 सीटें जीतीं, जो पहले केवल एक सीट थी, जिससे उसे ऊपरी सदन में अहम उपस्थिति मिली। केंद्र-दक्षिणपंथी डेमोक्रेटिक पार्टी ने 22 सीटें जीतीं वहीं केंद्र-वाम मुख्य विपक्षी संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी ने 37 सीटें जीतीं।



इशिबा से पहले तीन एलडीपी प्रधानमंत्री ऊपरी सदन में बहुमत खोने के दो महीने के भीतर इस्तीफा दे चुके हैं। अगर इशिबा जाते हैं, तो यह स्पष्ट नहीं है कि अब कौन उनकी जगह लेगा, क्योंकि सरकार को कानून पारित करने के लिए दोनों सदनों में विपक्ष का समर्थन चाहिए। इशिबा अपनी ही पार्टी में कभी लोकप्रिय नहीं रहे, वहीं मतदाता भी एलडीपी के हाल के कुछ सालों में घोटालों की वजह से नाराज हैं।

# अगर अमेरिकी डॉलर ने दर्जा खोया, तो यह विश्व युद्ध हारने जैसा होगा

## -डॉलर की वैश्विक स्थिति को लेकर ट्रंप चिंतित, ब्रिक्स देशों को दे रहे धमकी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी डॉलर की वैश्विक स्थिति को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चिंता बढ़ती जा रही है। ब्रिक्स देशों की ओर से डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देने की कोशिशों के बीच ट्रंप ने कहा है कि अगर अमेरिकी डॉलर अपना रिजर्व करेंसी का दर्जा खो देता है, तो यह अमेरिका के लिए एक विश्व युद्ध हारने जैसा होगा। एक अगस्त से अमेरिका द्वारा लागू किए जाने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर ट्रंप पहले ही जापान, ब्राजील, साउथ कोरिया, इंडोनेशिया सहित कई देशों के खिलाफ सख्त रुख अपना चुके हैं।

अब ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को भी चेतावनी दी गई है कि यदि वे डी-डॉलरीकरण की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो उन पर अलग से टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रंप ने कहा कि डॉलर का वैश्विक प्रभुत्व समाप्त हुआ तो अमेरिका पहले जैसा देश नहीं रहेगा।



ब्रिक्स देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मिलकर स्विफ्ट सिस्टम का विकल्प तैयार करने और स्थायी ब्रिक्स करेंसी लाने की तैयारी कर रहे हैं। कई सदस्य देश डॉलर की जगह घरेलू मुद्राओं में व्यापार को प्राथमिकता दे रहे हैं।

डॉलर जो 1944 से दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा रहा है, आज भी करीब 90फसदी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा लेन-देन का हिस्सा है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। कई देशों के केंद्रीय बैंक गोल्ड रिजर्व बढ़ा रहे हैं और अमेरिकी ट्रेजरी होल्डिंग्स में कटौती कर रहे हैं। वर्ष 2025 की शुरुआत से ही डॉलर 10फीसदी से ज्यादा गिर चुका है और इसका असर अमेरिकी बाजारों और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दिख रहा है। अमेरिकी डॉलर इंडेक्स इस साल 97.48 तक गिरा, जो पिछले साल के आखिर में 109 के पार था।

विशेषज्ञों के मुताबिक डॉलर में 1973 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति को लेकर एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे वैश्विक विकास में बाधा आ सकती है और महंगाई के साथ मंदी की आशंका भी बढ़ सकती है। भले ही विशेषज्ञ अभी डॉलर के पतन की भविष्यवाणी करने से बच रहे हैं, लेकिन यह साफ है कि दुनिया में मौजूदा फाइनेंशियल ऑर्डर बदलने की दिशा में हलचल तेज हो गई है। ट्रंप की बढ़ती बेचैनी इस बदलाव के संकेत हैं, जो आने वाले समय में अमेरिका की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर असर डाल सकते हैं।

# पाकिस्तानी फौज की करतूत, लापता हजारों बलोच, इस्लामाबाद में सड़कों पर शुरू हुआ भीषण विरोध

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** राजधानी में ज़बरदस्त विरोध की लहर दौड़ गई है। लगातार छठे दिन बलूच महिलाएं इस्लामाबाद की सड़कों पर अपना धरना जारी रखे हुए हैं। प्रतिकूल मौसम, पुलिस उत्पीड़न और आवाजाही पर प्रतिबंध के बावजूद, इन महिलाओं ने अपनी माँगें पूरी होने तक हिलने से इनकार कर दिया है। बलूचिस्तान से लगभग 900 किलोमीटर की यात्रा करके, ये महिलाएँ अपने साथ दर्द और प्रतिरोध की कहानियाँ लेकर आई हैं। बेटों की तलाश में भटकती माताओं से लेकर अपने पिता का चेहरा न देख पाने वाली बेटियों तक, इस विरोध प्रदर्शन ने प्रांत में जबरन गायब होने के मौजूदा संकट को उजागर कर दिया है।

मीडिया से बात करते हुए एक बलूच महिला ने कहा कि मैं महमूद अली की मां हूं... मेरे बेटे को पाकिस्तानी एजेंसियों और सीटीडी ने 18 जून 2024 को लापता कर दिया था... एक साल बीत चुका है, लेकिन हमें नहीं पता कि वह कहां है या किस हालत में है। एक अन्य प्रदर्शनकारी, 10 साल की बच्ची ने बताया, मैं लापता जांजी बलूच की बेटी हूँ। मेरे पिता पिछले 10 सालों से लापता हैं। सीटीडी, सादी वर्दी में पुलिस, एफसी सुबह 3 बजे हमारे घर आए। मैं तब 3 महीने की थी। मैंने अपने पिता का चेहरा भी नहीं देखा है।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शांतिपूर्ण प्रतिरोध के बावजूद, इस्लामाबाद पुलिस, खासकर महिला अधिकारियों द्वारा, उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। प्रशासन ने उन्हें शिविर लगाने की अनुमति नहीं दी है, पहुँच मार्ग बंद कर दिए हैं, और लाठीचार्ज का भी प्रयास किया है, जिससे प्रदर्शन स्थल एक 'खुली जेल' में बदल गया है।

इस विरोध प्रदर्शन ने प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ़ और पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की तीखी आलोचना की है, दोनों ही इस मुद्दे पर चुप रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने मुनीर पर इन गुमशुदगियों के लिए सीधे तौर पर ज़म्मिदार होने का आरोप लगाते हुए कहा, 'वह बलूचिस्तान में किसी भी घर से रातोंरात किसी के भी पिता, भाई या बेटे का अपहरण कर लेते हैं।



# निर्णायक मुकाबले में भारत को करना होगा इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना

**चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन) (एजेंसी)।** भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब यहां मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है। यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेज़बानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे।

भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका। भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को




विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

भारत को अगर श्रृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन देओल में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति को उन्हें सहयोग देना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो वह श्रृंखला के पहले मैच के बाद की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। उसे गेंदबाजी में एक्लेस्टोन तथा अर्लट और बल्लेबाजी में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट तथा कप्तान नैट साइवर ब्रंट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत =** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड =** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैम्ब, लिंसी स्मिथ।

# ओवेन और ग्रीन ने दिलाई जीत, ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 मैच में वेस्टइंडीज को हराया



**किंग्स्टन (जमैका) (एजेंसी)।** मिशेल ओवेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने डेब्यू मैच में अर्धशतक जमाया और एक विकेट लिया जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की।

ओवेन ने 27 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन (26 गेंदों पर 51 रन, दो चौके, पांच छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों पर 80 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को खेले गए मैच में सात गेंद शेष रहते 190 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया।

वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी थी आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 189 रन बनाए। उसकी शुरुआत अच्छी रही लेकिन अंतिम नौ गेंदों पर पांच रन पर चार विकेट गंवाने के कारण वह 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 36 रन देकर चार विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने चार गेंदों में तीन विकेट हासिल किए।

जेसन होल्डर ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। वेस्टइंडीज के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की। रोस्टन चेज ने 32 गेंदों पर 60 रन बनाए और शाई होप (55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। उनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन का योगदान दिया।

# ऋषभ पंत के निशाने पर वीरेंद्र सहवाग का बड़ा रिकॉर्ड, टेस्ट में लगाएंगे सर्वाधिक छक्के

**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ अहम चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम ओल्ड ट्रैफर्ड में तैयारी कर रही है। इसी बीच सभी निगाहे ऋषभ पंत पर टिकी है जो सर्वाधिक छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ने से अब सिर्फ तीन छक्के दूर है। बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज पंत अगर ऐसा करते है तो टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए वह वीरेंद्र सहवाग के 90 छक्कों के ऐतिहासिक आंकड़े को पीछे छोड़ देंगे। यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जो सालो से किसी ने छुआ तक नहीं है।

हालांकि लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान उन्हें उंगली में चोट लगी थी, फिर भी मैनचेस्टर टेस्ट में विकेटकीपर के तौर पर उनके खेलने की पूरी उम्मीद है। यदि वह मैदान पर उतरते है तो यह मुकाबला उनके लिए व्यक्तिगत और भारतीय टीम दोनो के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

वीरेंद्र सहवाग ने अपनी आक्रामक शैली से 103 टेस्ट की 178 इनिंग्स में 90 छक्के लगाए। वही



मात्र 27 वर्षीय ऋषभ पंत ने अपने करियर के 46 टेस्ट मैचों में अब तक 88 छक्के लगा दिए है और रोहित शर्मा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। पंत की इस उपलब्धि को और खास बनाता है उनका 74.19 का स्ट्राइक रेट जो कि टेस्ट में मध्य क्रम के बल्लेबाज के लिए बेहद असाधारण है। तुलना करे तो सहवाग का स्ट्राइक रेट 82.18 था जो उन्होंने एक ओपनर के तौर पर अधिकतर तेज पिचो पर हासिल किया था।

# चौथे टेस्ट से पहले भारत की बढ़ी मुश्किलें, नीतीश रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर, अर्शदीप उपलब्ध नहीं

**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे



और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।'

अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है। बयान में कहा गया है, 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।'

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है।

**चौथे टेस्ट के लिए भारत की टीम :**

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

# मैच नहीं होने से भड़के अफरीदी, बोले एक सड़े अंडे ने सब बेकार किया

लंदन ।अपने विवादास्पद बयानों के लिए हमेशा ही चर्चाओं में रहने वाले पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने भारतीय खिलाड़ियों के चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में खेलने से इंकार करने के बाद एक बार फिर जहर उगला है।भारत से मैच नहीं होने पर अफरीदी ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि एक खिलाड़ी के कारण ही ये सब हुआ है।साथ ही इस खिलाड़ी को सड़ा अंडा तक बोल दिया पर किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया। अफरीदी ने कहा, खेल देशों को करीब लाते हैं। अगर राजनीति हर चीज के बीच आ जाए, तो आप आगे कैसे बढ़ेंगे? बिना बातचीत के, चीजें हल नहीं हो सकतीं।इस तरह के आयोजनों का लक्ष्य भी एक-दूसरे से मिलना-जुलना है पर एक खिलाड़ी ने सब बेकार कर दिया।अफरीदी ने साथ ही कहा, उन्होंने मैच से एक दिन पहले ही ट्रेनिंग की थी।मुझे लगता है कि उन्हें केवल एक खिलाड़ी की वजह से मैच से नाम वापस लेना पड़ा है।भारतीय टीम भी बहुत निराश है। वे यहां खेलने आए थे। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही लोग इस प्रकार के मैच के खिलाफ थे।ऐसे में लोगों की भावनाओं की अनदेखी खिलाड़ी भी नहीं कर पाये।



# मैनचेस्टर युनाइटेड के खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल खेलते दिखे भारतीय क्रिकेटर

लंदन ।कप्तान शुभमन गिल सहित कई अन्य भारतीय क्रिकेटर मैनचेस्टर में 23 जुलाई बुधवार से शुरु होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले फुटबॉल खेलते नजर आये। इस मैच से पहले भारतीय खिलाड़ियों की मुलाकात मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों से हुई। ऐसे में कई भारतीय खिलाड़ी क्लब की जर्सी पहनकर खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल खेलने लगे।वहीं इस दौरान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज एक फुटबॉलर को गेंदबाजी करते दिखे।भारतीय क्रिके बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के फुटबॉल की जर्सी पहने की तस्वीरें भी अपने सोशल मीडिया पर जारी की है।इसमें टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी नजर आ रहे हैं।वहीं कुछ तस्वीरों में शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी रेड डेविल्स के साथ फुटबॉल खेलते दिख रहे हैं।वहीं सिराज पूर्व मैनचेस्टर यूनाइटेड कप्तान और स्टार डिफेंडर हैरी मैगुइरे को गेंदबाजी करते दिखे।मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी प्री-सीजन के लिए आये थे और इसी दौरान उनकी मुलाकात भारतीय क्रिकेटरों से हुई।कई तस्वीरों में शुभमन को फुटबॉलर ब्रूनो फर्नांडीस के साथ, सिराज को अमद डायलो के साथ, जसप्रीत बुमराह को मेसन माउंट और हैरी मैग्वायर के साथ बातचीत करते हुए देखा गया जबकि गंभीर रेड डेविल्स के मैनेजर रूबेन अमोरिम के साथ तस्वीर खिंचवाते हुए दिखे।

# शमी अगले सत्र में बंगाल से खेलकर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे

कोलकाता ।फिट नहीं होने के कारण भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब अगले सत्र में पश्चिम बंगाल टीम से खेल सकते हैं।शमी को इस सत्र के 50 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है।वह 28 अगस्त से शुरु होने वाली दलीप ट्रॉफी में भी पूर्व जोन की ओर से खेल सकते हैं।इससे शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी।उन्होंने टखने की सर्जरी के बाद भारतीय टीम के अंतिम बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा ओर उन्होंने पांच मैचों में नौ विकेट लिए थे। इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर रही थी।इसमें भी उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा।उन्होंने नौ मैचों में केवल छह विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 11.23 रन प्रति ओवर रही।वह टखने की सर्जरी कराई और घुटनों की समस्याओं से भी परेशान रहे।उन्होंने जनवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज़ में वापसी की थी।उससे पहले उनहोंने भारतीय टीम के अंतिम बार नवंबर 2023 में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में खेला था। उनकी घरेलू क्रिकेट में वापसी साल 2024 के अंत में बंगाल के साथ हुई थी।बंगाल के संभावित खिलाड़ियों की सूची में अभिमन्यु ईश्वरन, आकाश दीप, मुकेश कुमार, शाहबाज अहमद और अभिषेक पोरेल के नाम भी शामिल है।



# एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं आएगी पाकिस्तान की टीम, सुरक्षा का दिया हवाला

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है।

उन्होंने कहा कि, हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं। एशिया कप वर्ल्ड कप के लिए



क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफाईएच और एएचएफ पर है।

उन्होंने कहा कि, हमने उनसे पूछा है कि हमें बताएं कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। पाकिस्तान सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत नहीं जाएगी

बता दें कि, इससे पहले भारतीय खेल मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया था कि वह पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्र ने पीटीआई के हवाले से बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के खिलाफ नहीं हैं। हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है।

# अगले माह होने वाले एशिया कप से पहले सुधार करें हॉकी टीम : श्रीजेश

नई दिल्ली ।भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा है कि अगस्त में होने वाले एशिया कप के लिए टीम को काफी सुधार करना होगा।श्रीजेश के अुनसार एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और इससे टीम की आंखे खुल जानी चाहिये। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे लगता है कि टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए, हमने मैदान पर कड़ी टक्कर दी पर अवसरों का लाभ नहीं उठाने से परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा। यह परिणाम हमें एशिया कप और अगले साल होने वाले विश्वकप और एशियाई खेलों जैसे अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले सुधार की जरुरत पर बल देने के संकेत दे रहा है। भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद अंक तालिका में आठवें स्थान पर रही थी।एशिया कप 2025 बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।हॉकी विश्वकप 2026 बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में 14 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा। वहीं एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक खेले जाएंगे।पुरुष राष्ट्रीय अंडर-21 टीम के मुख्य कोच ने कहा कि एक कोच के रूप में उनका मुख्य काम यह तय करना है कि खिलाड़ी दबाव का सामना करना सीखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।उन्होंने कहा, 'एक कोच के रूप में मेरा काम खिलाड़ियों पर से दबाव कम करना है।मैं उन्हें बताता हूँ कि जूनियर विश्वकप के दौरान लगभग 10 हजार दर्शक मैदान में रहेंगे जिनकी उम्मीदें आप पर रहेंगी और इससे स्वीकार करना होगा।एक कोच होने के कारण मेरे लिए खिलाड़ियों के साथ अपने खेल के अनुभव को साझा करना सबसे महत्वपूर्ण है।



# सचिन के साथ अपना नाम देखकर सम्मानित अनुभव कर रहा : एंडरसन

लंदन ।इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ ट्रॉफी पर अपना नाम देखकर उन्हें एक अलग ही अहसास हो रहा है।इससे वह सम्मानित अनुभव कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि विश्व के सार्वकालिक महानतम क्रिकेटरों में से एक के साथ अपना नाम देखकर उन्हें गर्व का अनुभव भी हो रहा है।इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इस सीरीज के शुरु होने से पहले इसका नाम पटौदी सीरीज से बदलकर एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी रख दिया था हालांकि इस पर कुछ क्रिकेटरों ने आपत्ति भी जतायी थी और कहा था कि नाम बदलना सही नहीं है।इसके अलावा से भी कहा गया था इसमें सचिन का नाम पहले रखा जाना चाहिये थे पर ईसीबी ने एंडरसन का नाम पहले कर दिया। पटौदी ट्रॉफी भारत के पूर्व क्रिकेटर इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर थी।एंडरसन ने कहा, 'यह जरूरी नहीं कि आपके नाम पर ट्रॉफी का होना कितना बड़ा है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि आपके नाम के साथ सचिन तेंदुलकर का नाम जुड़ाहै, जो मेरे लिए अब तक के सबसे महान क्रिकेटरों में से एक हैं।

# रिंकू की मंगेतर प्रिया खेतों में काम करती नजर आयीं

जौनपुर ।भारतीय टीम के क्रिकेटर रिंकू सिंह की मंगेतर और सपा सांसद प्रिया सरोज जमीन से जुड़ी नेता हैं।उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी साझा हुई हैं।इसमें वह अपने क्षेत्र की महिलाओं के साथ पानी से भरे खेतों में काम करती दिखीं।वीडियो में प्रिया पानी भरे खेत में धान की रोपाई करती नजर आ रही है।रिंकू से सगाई की बाद से ही प्रिया चर्चाओं में रही हैं। प्रिया सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। उन्होंने सगाई की भी तस्वीरों को साझा किया था।वहीं अब प्रिया ने खेती करते हुए का एक वीडियो साझा किया है। उनके ये वीडियो जमकर वायरल भी हो रहा है।लोगों ने उनकी सादगी की सराहना की है।हाल ही में रिंकू और सांसद प्रिया की सगाई लखनऊ में हुई थी जिसमें खेल और राजनीति जगत के दिग्गज भी शामिल हुए थे।रिंकू और प्रिया की शादी की पहले दिसंबर में वाराणसी में होने वाली थी पर रिंकू के व्यस्त क्रिकेट मैच के कार्यक्रम को देखते हुए शादी की तारीख आगे बढ़ा दी गई।रिंकू जहां एक मध्यवर्गीय परिवार से आते हैं और अपनी मेहनत के बल पर भारतीय टीम तक पहुंचे हैं।वहीं प्रिया एक राजनीतिक परिवार से आती हैं।रिंकू जहां क्रिकेट में व्यस्त रहने के कारण दसवीं भी नहीं कर पाये हैं।वहीं प्रिया उच्च शिक्षित हैं।रिंकू 2023 में कोलकाता नाइटराइडर्स की और एक पारी में लगातार पांच छक्के मारने के बाद से ही चर्चाओं में आये थे।इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।



# विश्व चैंपियनशिप से पहले चाइना ओपन में सात्विक-चिराग की नजरें दमदार प्रदर्शन पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी। चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा।

वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।

विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले दौर में जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा का सामना करेगी। एकल वर्ग में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगे। पिछले कुछ समय से फॉर्म में वापसी करने के लिए संघर्ष कर रहे लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यहां उनका पहला मुकाबला चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे का सामना करेंगे। अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज सिंधू के लिए इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। पिछले सप्ताह वह कोरिया की सिम यू जिन से हार गईं थी। यह इस वर्ष पांचवा अवसर था जबकि वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। सिंधू का पहला मुकाबला जापान की छठी वरीयता प्राप्त 18 वर्षीय पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन तोमोका मियाजाकी से होगा। महिला एकल में ही इस वर्ष की शुरुआत में ताइपे ओपन सेमीफाइनलिस्ट रहीं उन्नति हुड्डा का पहले दौर में स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से मुकाबला होगा, जबकि अनुपमा उपाध्याय का सामना चीनी ताइपे की लिन सियांग टी से होगा। महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी, पांडा बहनें रुतपर्णा और श्वेतपर्णा, और अमृता प्रमुथेश-सोनाली सिंह की जोड़ी मैदान में हैं, जबकि रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं संपादक प्रहलाद तेली के लिए मुद्रक अनिल राठी द्वारा अनिल प्रिन्टर्स एण्ड ऑफसेट, 5/एफ-2, न्यू हाउसिंग बोर्ड, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं ऑफिस 957 वार्ड नंबर 24 धाकड़ मोहल्ला, शाहपुरा, भीलवाड़ा 311404 (राज.) से प्रकाशित। मो. नं. 9115108888, ई-मेल : kismatbhilwara@gmail.com (सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा होगा)